दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper


# लोकतंत्र की आवाज


आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा रविवार 21 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 458

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार में ये क्या...बीजेपी के नेता महागठबंधन कैंडिडेट के लिए मांग रहे वोट, जानिये भाजपा ने क्या कहा



**लोक तंत्र की आवाज**

**गोपालगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षित सीट गोपालगंज में अलग ही समीकरण देखने को मिल रहा है. यहां महागठबंधन समर्थित वीआईपी पार्टी के उम्मीदवार प्रेमनाथ चंचल के लिए बीजेपी के कद्दावर नेता वोट मांग रहे हैं. बीजेपी के अनुसूचित जाति जनजाति सेल के जिलाध्यक्ष सुदामा मांझी का वीडियो और तस्वीर महागठबंधन प्रत्याशी प्रेमनाथ चंचल के साथ वायरल होने के बाद अब लोग सवाल उठाने लगे हैं. दरअसल, जिस बीजेपी नेता का तस्वीर वीआईपी प्रत्याशी के साथ वायरल हो रहा है, प्रत्याशी प्रेमनाथ चंचल के पिता हैं. बता दें कि गोपालगंज में एनडीए के प्रत्याशी जेडीयू सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन हैं।

**कार्रवाई से पहले शोकॉज किया गया –जिलाध्यक्ष :** बीजेपी के जिलाध्यक्ष संदीप उर्फ मंटू गिरी ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधि के लिए सुदामा मांझी को शोकॉज किया गया है. जवाब संतोषजनक नहीं आने पर पार्टी की ओर से कार्रवाई की जाएगी. बीजेपी ने अपने शीर्ष पदाधिकारी के पास इसे अवगत करा दिया गया है. उन्होंने कहा कि पार्टी की गाइडलाइन से हटकर काम करने वाले को जरूरत पड़ी तो निष्कासित भी किया जाएगा। महागठबंधन की ओर से आज जिला मुख्यालय में दोपहर के 12:30 बजे बड़ी बैठक बुलाई गई है. आरजेडी के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि महागठबंधन कि बैठक में सभी दलों के जिलाध्यक्ष और पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे. महागठबंधन समर्थित वीआईपी के प्रत्याशी प्रेमनाथ चंचल से कार्यकर्ता मुलाकात करेंगे और फिर आज से ही चुनावी समर में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करेंगे।

# राहुल गांधी बोले-नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र ही बना दिए

## राहुल गांधी ने भाजपा पर ली चुटकी, कहा- गरीबों के खातों में खटाखट जाएंगे रुपये, तेजस्वी भी खूब बोले

**लोक तंत्र की आवाज**



**भागलपुर।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को भागलपुर पहुंचे, जहां सैंडिस कंपाउंड में खुले मंच से उन्होंने महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा को जीत दिलाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग 400 पार की बात करते हैं, जबकि जनता के मूड को देखते हुए ऐसा लगता है कि भाजपा को 150 पार करने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

**गरीबों के खाते में खटाखट जाएंगे रुपये :** राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे। देश को दो तरह के शहीद नहीं चाहिए। राहुल गांधी ने लगभग 12 मिनट भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो हमारी सरकार अनेक तरह की कई योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि जो पैसा मोदी सरकार ने अमीरों में बांटा, हमारी सरकार बनी तो वह रुपया हम गरीबों को देंगे। राहुल गांधी ने आम जनता के बीच मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर कांग्रेस शासन में आई तो गरीबों को प्रति माह 8000 रूपए दी जाएगी, जो खटाखट– खटाखट लाभुकों के खाते में जाएगा।

**भाजपा और मोदी की फिल्म फ्लॉप :** इस मंच पर उपस्थित तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर बोला। तेजस्वी यादव ने अपने तीन मिनट के भाषण में कहा कि भाजपा की 400 पार वाली फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। पहले और दूसरे फेज में हम जीत रहे हैं। उन्होंने पूर्णिया से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के पक्ष में भी प्रचार किया। भागलपुर से इस सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अजीत शर्मा हैं। यहां उनका मुकाबला जदयू प्रत्याशी और सीटिंग सांसद अजय कुमार मंडल से है। वहीं पूर्णिया से राजद उम्मीदवार बीमा भारती भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। राहुल गांधी की चुनावी सभा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल हुए।

**नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान का धन पूंजीपतियों को पकड़ाते है:** राहुल गांधी सम्बोधन में बोले– आज हिंदुस्तान में 22 ऐसे लोग है जिसके पास उतना धन है, उतना 70 करोड़ लोगों को हे एक तरफ अडानी अम्बानी को धन दिया जाता है दूसरी तरफ छोटे व्यापारी गरीब परेशान है, नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान का धन पूंजीपतियों को पकड़ाते है, अडानी को हिन्दुतान का एयरपोर्ट, पोर्ट, सोलर पावर, डिफेंस सब अडानी को है भाजपा को 150 से ज्यादा नहीं मिलने वाली है 150 से एक ज्यादा नहीं मिलेगा, हमारा गठबंधन क्या करेगा बताता हूँ, मोदी ने 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्जा माफ किया राहुल गांधी सम्बोधन में बोले 25 साल का मनरेगा का पैसा माफ़ हुआ है गठबंधन ने निर्णय लिया है जितना पैसा पूंजीपतियों को दिया इतना हम गरीबो को देंगे हर परिवार से एक महिला चुनी जाएगी उस महिला के बैंक आकाउंट में कोंग्रेस 1 लाख साल का डालेगी खटाखट खटाखट अकॉउंट में पैसा जाएगा नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र बनाया है, युवा 7–8 घण्टे इंस्टाग्राम फेसबुक चलाते है क्योंकि मोदी ने बेरोजगारी फैला दी।

## इजराइल की ईरान पर जवाबी कार्रवाई दागी मिसाइलें, एयरपोर्ट पर हुए धमाके



**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। अब खबर आई है कि इस्राइल ने भी पलटवार किया है और ईरान पर मिसाइलों से हमला किया है। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के हवाले से अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। ईरान के एयरपोर्ट पर तेज धमाके की आवाज सुनी गई है। ईरान की फारस न्यूज एजेंसी ने भी दावा किया है कि ईरान के शहर इस्फहान के एयरपोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई है। हालांकि विस्फोट की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। गौरतलब है कि ईरान के कई परमाणु ठिकाने इस्फहान प्रांत में ही स्थित हैं, जिनमें ईरान में यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी यहीं पर मौजूद है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के हवाई क्षेत्र में कई फ्लाइट्स के मार्ग बदले गए हैं।

**बीते दिनों ईरान ने बोला था इस्राइल पर हमला:** बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोन्स इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाईं थी। दरअसल ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया था। इसी हमले के जवाब में ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था।

### पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका

ईरान और इस्राइल के बीच तनाव का यह मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उठा था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में इस्राइल ने मांग की थी ईरान की सेना को आतंकी संगठन घोषित किया जाए। वहीं ईरान ने इस्राइल को चेताया था कि अगर उसने ईरान पर हमले की कोशिश की तो उसके नतीजे गंभीर होंगे। ईरान ने अमेरिका से भी दोनों देशों के बीच न आने की चेतावनी दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दोनों देशों से अपील की थी कि वे शांति से मामला निपटाएं क्योंकि पश्चिम एशिया एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है।

# भाजपाई फिल्म फर्स्ट डे पर हुई सुपर फ्लॉप, बिहार में वोटिंग प्रतिशत को लेकर छिड़ गया जंग, तेजस्वी यादव ने कहा-जनता सीखा रही सबक

**लोक तंत्र की आवाज**



**पटना।** लोकसभा चुनाव का रण सज चुका है। पहले चरण का मतदान खत्म हो चुका है। बिहार में कुल 48 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं वोटिंग परसेंटेज को लेकर बिहार में जंग छिड़ गई है। पक्ष विपक्ष एक दूसरे पर ना सिर्फ आरोप लगा रहे हैं, बल्कि जितने मतदाताओं ने मत दिया है उसे अपनी पार्टी का मतदाता बता रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि, बीजेपी की अबकी बार 400 पार का जो दावा है वह फ्लॉप हो चुकी है।

**भाजपाई फिल्म फर्स्ट डे पर ही हुई सुपर फ्लॉप:** दरअसल, तेजस्वी यादव इन दिनों चुनावी सभा के साथ साथ ट्विट के माध्यम से भी बीजेपी और एनडीए पर जोरदार हमला बोल रहे हैं। तेजस्वी यादव ने एक बार फिर पहले चरण के मतदान को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है, उन्होंने कहा है कि2024 में 400 पार वाली भाजपाई फिल्म फर्स्ट डे पर ही सुपर फ्लॉप हो गयी। काठ की हांडी बार–बार नहीं चढ़ती। बीजेपी के दिन अब लद चुके है। इनका झूठ और जुमलों का पहाड़ अब ढह चुका है। तेजस्वी ने दावा किया है कि सभी मतदाता इंडी गठबंधन को अपना वोट देकर भाजपा को सबक सीखा रही है।

### भाजपा के 400 पार के नारे को 004 पढ़ा जाए

वहीं इसके पहले भी तेजस्वी ने एक ट्वीट कर कहा था कि प्रथम चरण के मतदान के बाद पूर्णत: स्पष्ट हो गया है कि जनता इंडिया को जीता रही है। पहले चरण में ही भाजपा के 400 पार के नारे को 004 पढ़ा जाए क्योंकि जनता ने इनकी उल्टी गिनती शुरू कर दी है।

### जनता वोट की चोट से भाजपा को हरा रही

उन्होंने आगे कहा कि, किसानों, नौजवानों, व्यापारियों, कर्मचारियों, छात्रों, महिलाओं, खिलाड़ियों एवं नौकरी, रोजी–रोटी, संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने वालों को जनता वोट की चोट से हरा रही है। तेजस्वी ने कहा कि, पहले चरण के चारों सीट हमलोग जीत रहे हैं।

# नए अध्याय की शुरुआत ' सीजेआई चंद्रचूड़ बोले-मौजूदा चुनौतियों से निपटने को नए तरीके चाहिए, साथ बैठे थे तुषार मेहता

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर क़ानून मंत्रालय की ओर से कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. इस मौके पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इन 3 नए कानूनों से भारतीय समाज में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी. नए कानून भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में अभूतपूर्व बदलाव लाएंगे और पीड़ित पर भी ध्यान दिया जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि पुराने क़ानून की सबसे बड़ी खामी उनका बहुत पुराना होना था. ये क़ानून 1860 और 1873 से चले आ रहे थे. नए कानून संसद से पारित होना इस बात का साफ संदेश है कि भारत बदल रहा है और हमें मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए तरीके चाहिए।

इस मौके पर सीजेआई चंद्रचूड़ के अलावा कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल और सालिसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद थे. सीजेआईचंद्रचूड़ ने कहा, 'पुराने तरीकों की सबसे बड़ी खामी पीड़ित पर ध्यान न होना था. नए कानून में अभियोजन और जांच कुशलता से हो सके, इसके साथ पीड़ित के हितों को भी ध्यान रखा गया है. छापेमारी के दौरान साक्ष्यों की ऑडियो विजुअल रिकॉर्डिंग अभियोजन पक्ष के साथ साथ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा.' उन्होंने बताया कि हाल ही में भारत सरकार ने 7000 करोड़ रुपये का बजट न्यापालिका के लिए आवंटित किया है, जिसका इस्तेमाल अदालतों के अपग्रेडेशन में किया जा रहा है. नवंबर और 31 मार्च के बीच हमने 850 करोड़ हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने में खर्च किए हैं. मैं हमेशा से घरेलू डिजिटल कोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर तयार करने की हिमायत करता रहा हूं. फोरेंसिक टीम की मौजूदगी जांच में मददगार होगी।

**भारत बदल रहा है:** सीजेआई ने कहा, 'संसद द्वारा इन कानूनों को अधिनियमित किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत बदल रहा है एवं आगे बढ़ रहा है और मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए नए कानूनी उपकरणों की जरूरत है.' देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए नए अधिनियमित कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू होंगे. हालांकि, हिट–एंड–रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को तुरंत लागू नहीं किया जाएगा. तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें स्वीकृति दे दी थी।

### सीजेआई ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया जोर

भारत के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि नए कानून नई जरूरतों के लिए है, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर्याप्त रूप से विकसित हो और जांच अधिकारीयों को ट्रेनिंग मिले. बीएनएसएस( भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में) में ट्रायल और फैसले के लिए टाइमलाइन तय होना एक सुखद बदलाव है, लेकिन कोर्ट में इंफ्रास्ट्रक्चर भी होना चाहिए वरना इसे हासिल करना मुश्किल हो जाएगा. सीजेआई ने आगे कहा, 'हाल ही मैं मैने सभी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को चिट्ठी लिखी है कि सभी पक्षों को नए कानूनों के लिए ट्रेनिंग दी जाए. हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की खामी है कि गंभीर और छोटे मोटे अपराधों को एक ही नजरिए से देखा जाता रहा है. नए कानून से इसमें भी बदलाव किया गया है, लेकिन सबसे बड़ी जरूरत अपनी सोच को बदलने की है. पुलिस रिसोर्सेज को बढ़ावा देने की ज़रूरत है।

# रायबरेली और अमेठी से गांधी परिवार को लड़ाने की मांग

● कांग्रेस के सर्वे में खुलासा

**लोक तंत्र की आवाज**



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों पर गांधी परिवार को लड़ाने की मांग की जा रही है. सर्वे में खुलासा किया गया है कि चुनाव लड़ने पर ऐतिहासिक जीत पक्की है. अब फैसला गांधी परिवार को लेना है. ऐसे में देखना होगा कि इस सर्वे के बाद कांग्रेस क्या फैसला लेती है।

उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट को लेकर बड़ी खबर है. कांग्रेस ने इन दोनों सीटों पर आतंरिक सर्वे कराया है. इस सर्वे में दोनों सीटों पर गांधी परिवार को लड़ाने की मांग की जा रही है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी ने अपने रणनीतिकार सुनील कोनुगोलू से कुछ दिन पहले ये सर्वे करवाया था. आंतरिक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ही सीटों पर गांधी परिवार के सदस्यों के चुनाव लड़ने की जनता के बीच से मांग है और उनके चुनाव लड़ने पर ऐतिहासिक जीत पक्की है. अब फैसला गांधी परिवार को लेना है।

बता दें कि यूपी की इन दोनों सीटों को लेकर पिछले काफी दिनों से माथापच्ची चल रही है. कांग्रेस पार्टी ने अभी तक इन दोनों सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है. कभी कहा जा रहा है कि अमेठी से राहुल गांधी चुनाव लड़ सकते हैं तो कभी सुनने में आता है कि रायबरेली सीट से उनकी बहन प्रियंका गांधी ताल ठोक सकती हैं. वहीं राहुल के जीजा रॉबर्ट वाड्रा के भी अमेठी से चुनाव लड़ने की बात की जा रही थी. ऐसे में देखना होगा कि इस सर्वे के बाद कांग्रेस क्या फैसला लेती है।

**अमेठी और रायबरेली कांग्रेस और गांधी नेहरू परिवार का गढ़:** बता दें कि अमेठी और रायबरेली दशकों तक कांग्रेस और गांधी नेहरू परिवार का गढ़ रहा है. मगर पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को यहां से हार मिली. इसके के बाद राहुल गांधी ने अमेठी आना बिल्कुल भी छोड़ दिया. पिछले पांच साल में वो करीब 2 से 3 बार यहां आए. हालांकि, सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि राहुल गांधी अमेठी और प्रियंका गांधी रायबरेली से पर्चा भर सकते हैं. बता दें कि बीजेपी ने अमेठी से स्मृति ईरानी को उम्मीदवार बनाया है तो वहीं रायबरेली सीट पर बीजेपी ने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है. उधर, राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से पर्चा दाखिल कर दिया है।

# गौरीगंज: अमेठी मे चल रहा अजब गजब का खेल भाजपा नेताओं ने जबरन पहनाया भगवा गमछा

**लोक तंत्र की आवाज**



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की वीआईपी सीट में शुमार अमेठी में चुनावी अजब गजब का खेल चल रहा है। कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सह समन्वयक विकास अग्रहरि ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र के सामने भाजपा का दामन थामा था वही दोपहर होते ही बाद उनका मन बदल गया और उन्होंने फिर से घर वापसी कर ली।

कांग्रेस नेता विकास अग्रहरि ने प्रेसवार्ता मे बताया कि वह अपने निजी काम से सांसद के आवास पर गए थे, वहां जबरन भाजपा नेताओं और स्मृति ईरानी ने भगवा गमछा पहनाकर भाजपा में शामिल करवा दिया। कांग्रेस नेता विकास का कहना है कि वह पहले भी कांग्रेस में थे और आगे भी कांग्रेस में ही रहेंगे। वही अमेठी के भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र का दावा है कि विकास अग्रहरि भाजपा में शामिल हुए हैं, उन्हें कोई बुलाने नहीं गया था। अब वह किसी दबाव में अनर्गल बातें बोल रहे हैं। इस समय वैसे भी राज्य में आचार संहिता लगी हुई है। विकास योजनाओं से जुड़े काम बंद हैं तो कांग्रेस के नेता कौन सा काम लेकर आए थे। वह झूठ बोल रहे हैं।

# कन्हैया कुमार की टिप्पणी पर भड़के संदीप दीक्षित

**लोक तंत्र की आवाज**



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली की 7 सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव में अब कुछ दिनों का समय बचा है, मगर कांग्रेस पार्टी में नेताओं का आपसी झगड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस पार्टी आलाकमान ने उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसे लेकर पार्टी की दिल्ली यूनिट में खींचतान बढ़ गई है। बीजेपी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी को एक बार फिर मौका दिया है।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी को लेकर उत्तर पूर्वी जिले के पूर्व विधायकों एवं पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें दिल्ली कांग्रेस पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया भी सम्मिलित थे। मगर यह बैठक बेनतीजा निकली। सूत्रों के अनुसार, बैठक के चलते दिल्ली कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं एवं कन्हैया कुमार के बीच तीखी बहस हुई। बात इतनी बिगड़ गई कि एक नेता ने कन्हैया कुमार को गलत शब्द तक बोल डाले। हालांकि, बैठक में दिल्ली कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कन्हैया कुमार के बीच बहस वाली बात को प्रभारी दीपक बाबरिया ने खारिज किया। मगर सूत्रों के अनुसार, पहले AAP के साथ गठबंधन एवं अब कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी को लेकर, दिल्ली कांग्रेस पार्टी में सबकुछ सामान्य नहीं चल रहा। दरअसल, नॉर्थ–ईस्ट दिल्ली सीट से कांग्रेस पार्टी आलाकमान ने जबसे कन्हैया कुमार को टिकट दिया है, तब से कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय नेता उनकी उम्मीदवारी को लेकर कई प्रकार की बयानबाजी करने से पीछे नहीं रह रहे। बगावत की स्थिति को संभालने के लिए दिल्ली कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने उत्तर–पूर्वी दिल्ली के जिलाध्यक्षों एवं पूर्व विधायकों की बैठक बुलाई थी।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित भी बैठक में पहुंचे थे। वह मंच पर न जाकर पूर्व विधायकों एवं पदाधिकारियों के बीच बैठ गए। अरविंदर सिंह लवली ने संदीप दीक्षित को मंच पर बैठने के लिए बोला, मगर उन्होंने मना कर दिया। तब कन्हैया कुमार ने उनसे मंच पर आने के लिए कहा, जिस पर संदीप दीक्षित भड़क गए। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने बैठक के चलते बोला कि कन्हैया कुमार की उम्मीदवारी से कांग्रेस पार्टी को नॉर्थ–ईस्ट सीट के अतिरिक्त दिल्ली की अन्य सीटों पर भी भारी हानि होने वाला है। इस पर कन्हैया कुमार ने पलटवार करते हुए संदीप दीक्षित से बोला कि वह बीजेपी की भाषा बोल रहे हैं। इतना सुनते ही दीक्षित भड़क गए। सूत्रों की मानें तो उन्होंने कन्हैया कुमार को गलत शब्द कह डाले।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएम ने जारी किया आदेशबिना अनुमति अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध होगी विधिक कार्यवाही



घनश्याम तिवारी

महराजगंज । जिलाधिकारी अनुनय झा ने चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी मतदान कार्मिकों को सुचारू प्रशिक्षण हेतु सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को आदेशित किया है कि मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु किसी वरिष्ठ को नामित करते हुए कार्मिक की उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं अनुपस्थित होने पर माह–अप्रैल का वेतन बाधित करने के साथ–साथ उनके विरूद्ध अन्य निर्दिष्ट कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी सभी विभागों के वेतन मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) के अनुमोदन के पश्चात ही जारी करने का निर्देश दिया है।

### बाइक व ई–रिक्शा की टक्कर में 75 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल



घनश्याम तिवारी

बलिया। सिकन्दरपुर मनियर मार्ग पर बसारीखपुर चट्टी के समीप बाइक व ई–रिक्शा की टक्कर में 75 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रमाकांत वर्मा 75 निवासी मुस्तफाबाद शनिवार की दोपहर को किसी कार्यवश बाइक द्वारा अपने गांव मुस्तफाबाद से सिकन्दरपुर आ रहे थे, वह जैसे ही बसारीखपूर चट्टी के समीप पहुंचे ही थे की सामने से जा रहे ई–रिक्शा चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे बाइक ई–रिक्शा से जाकर टकरा गई।घटना में रमाकांत वर्मा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ई–रिक्शा चालक वहां से फरार हो गया। घटना के बाद उन्हें घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### महराजगंज : मतदाता जागरूकता रैली


घनश्याम तिवारी

महराजगंज। नौतनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत रतनपुर स्थित विश्वम्भर नाथ जनता इंटर कालेज मे शुक्रवार को वीईओ चन्द्रभूषण पाण्डेय व प्रधानाचार्य प्रभात कुमार पाण्डेय के नेतृत्व मे मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली को नौतनवां उप जिलाधिकारी नन्द किशोर मौर्य ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली रैली के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। लोगों में यह संदेश दिया गया कि मतदान निश्चित रूप से करें। निकाल बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगाकर लोगों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता रैली मे प्राथमिक विद्यालय महदेईया के छात्र–छात्राओं व अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

# जन सूचना अधिनियम 2005 के तहत भारतेंदु नाटय अकादमी मे हो रहे गबन, घोटाला व भ्रस्टाचार का होगा खुलासा

लोक तंत्र की आवाज

**भारतेंदु नाटय अकादमी के रंग मंडल प्रमुख को नियम के विपरीत अकादमी का कोषाध्यक्ष बनाया**



**रत्ना शुक्ला**

**लखनऊ** । आचार संहिता का उल्लंघन कर सितंबर 2023 से मार्च 2024 सात माह का लगभग तेरह लाख रुपये का गैर वेतन मद से किया गया भुगतान जन सूचना अधिनियम 2005 के तहत भारतेंदु नाट्य अकादमी मे हो रहे गबन, घोटाला व भ्रस्टाचार का होगा खुलासा सामाजसेवी व रंगकर्मी और सचिव थियटर एव फिल्म वेल्फेयर एसोसियशन दबीर सिद्दीकी ने आज दिलीपपुर टॉवर हजरतगंज लखनऊसे एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतेंदु नाटय अकादमी के वर्तमान निदेशक श्री विपिन कुमार जी की 60 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के कारण उनको सितंबर 2023 से वेतन नही मिल रहा था,लोक सेवा आयोग से संस्कृति विभाग मे आये श्री राजेश अहिरवार को सहायक निदेशक संस्कृति के साथ ही साथ भारतेंदु नाटय अकादमी मे भी सहायक निदेशक व कोषाध्यक्ष का भी कार्य दिया गया, लेकिन वर्तमान निदेशक श्री विपिन कुमार जी की 60 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के कारण अकादमी के कोषाध्यक्ष श्री राजेश अहिरवार ने वेतन दिये जाने पर आपत्ति जताई तो उनको अकादमी कोषाध्यक्ष के पद से हटाकर संस्कृति निर्देशालय के सहायक निदेशक श्री सुशील कुमार सिंह बच्चा को अकादमी का कोषाध्यक्ष बना कर वेतन दिलाए जाने का भरपूर्ण प्रयास किया गया लेकिन श्री सुशील कुमार सिंह बच्चा द्वारा भी अकादमी के वर्तमान निदेशक श्री विपिन कुमार जी की 60 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के कारण वेतन नही दिलाया जा सका तो उनको भी अकादमी के कोषाध्यक्ष पद से हटाते हुए आचार संहिता का उल्लंघन कर आनन फानन में आदेश संख्या–1226/ चार–2024– 1764553 दिनाक 02 अप्रैल 2024 को जारी करते हुए दिनांक 04 अप्रैल 2024 को भारतेंदु नाटय अकादमी के ही रंग मंडल प्रमुख को नियम के विपरीत अकादमी के कोषाध्यक्ष पद दे दिया और अकादमी के वर्तमान निदेशक श्री विपिन कुमार जी जिनकी 60 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के कारण सितंबर 2023 से मार्च 2024 लगभग सात माह से वेतन नही मिल पा रहा था उनको गैर वेतन मद से एक लाख छियासी हजार रुपये प्रति माह की दर से सितंबर 2023 से मार्च 2024 सात माह का लगभग तेरह लाख रुपये का वेतन का भुगतान कर दिया और संस्कृति निर्देशालय मे वेतन का भुगतान करने की स्वीकृति हेतु पत्र भी प्रेषित किया गया है अब देखने वाली बात यह है की क्या संस्कृति निर्देशालय के निदेशक श्री शिशिर सिंह जो निदेशक सूचना भी है वह भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान करने है या संस्कृति निर्देशालय के वित्त नियंत्रक स्वीकृति प्रदान करने है सामाजसेवी, रंगकर्मी और सचिव थियटर एव फिल्म वेल्फेयर एसोसियशन दबीर सिद्दीकी बहुत जल्द ही जन सूचना अधिनियम 2005 के तहत भारतेंदु नाटय अकादमी मे हो रहे गबन, घोटाला व भ्रस्टाचार खुलासा करेंगे।

## तीस फिट ऊंचा बगैर सुरक्षा जान हथेली पर रख रेलवे के हाईट गेज को पेंट करता मजदूर जिम्मेदार मौन फोटो वायरल



लोक तंत्र की आवाज

**राजेश**

**वाराणसी** । प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के राजातालाब वाया जक्खिनी रोड पर बने राजातालाब रेलवे क्रॉसिंग पर बगैर सुरक्षा उपकरण एक मजदूर रेलवे के हाईट गेज को पेंट करते नजर आ रहा है जिसका फोटो इंटरनेट शोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है आने जाने वाले राहगीर जान हथेली पर रखकर पेंट करने वाले मजदूर की फोटो शूट कर शोसल मीडिया पर वायरल करते हुए जिम्मेदार को कोसते नजर आए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राजातालाब रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर स्थित रेलवे फाटक पर लगे हाईट गेज पर गुरुवार को एक मजदूर अपने जान का परवाह किए बगैर पापी पेट के खातीर बगैर सुरक्षा उपकरण के लगभग तीस फिट ऊंचाई पर बैठकर पेंट करता नजर आया अब लोगो के मन मे सवाल यह उठता रहा कि कार्यदायी संस्था/ठेकेदार को पेंट कराने की ठेका/टेंडर जब मिला होगा तो शासन सरकार को दिए हुए शपथ पत्र में बकायदा सुरक्षा ब्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्य कराने की बात कही गयी होगी लेकिन चंद पैसों का लालच देकर बगैर सुरक्षा उपकरण दिए या पापी पेट को भरने के लिये एक मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर इतनी ऊंचाई पर लगे हाईट गेज को पेंट करने में सब कुछ भूल गया है अगर किन्ही कारणों बस मजदूर नीचे गिरे तो किसी अनहोनी से इनकार नही किया जा सकता जब सरकारी कार्य व ऑन रोड मे इतनी बड़ी लापरवाही सामने देखने को मिल सकती है तो अन्य जगहों व विभागों की क्या हाल होगी आप सभी इस वायरल तसवीर से ही अंदाजा लगा सकते हैं।अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद बगैर सुरक्षा उपकरण कार्य करा रहे कार्यदायी संस्था/ठेकेदार पर स्थानीय जिम्मेदार प्रशासन क्या कार्यवाही करती है या इसे भी नजर अंदाज कर ठंडे बस्ते में रख दिया जाता है ।

## प्रत्येक वोट लोकतंत्र की पहचान, सब मिलकर करे मतदान



लोक तंत्र की आवाज़

**वाराणसी** । देश के भविष्य को समृद्ध और मजबूत बनाने के लिए, आपका एक–एक वोट भी अमूल्य है। लोकतंत्र द्वारा दिए गये अपने सबसे बड़े अधिकार का उपयोग करें और अपने मतदान को महत्व दें। आज अभ्युदय सेवा समिति फूलपुर के कार्यालय पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों जनो मे इस आगामी लोकसभा चुनाव मे अपने मत का उपयोग करे, देशहित मे करे योगदान के तहत जागरूक किया गया। इस मौके पर अमिताभ दुबे, जेपी पटेल, शिवम् सिंह, नितिन गुप्ता, रोहित सोनकर, सुनील पाल और समिति के सदस्य मौजूद रहे। धन्यवाद अभ्युदय सेवा समिति फूलपुर वाराणसी

## दरोगा पर हमले के मामले में तीन आरोपियों को मिली जमानत

लोक तंत्र की आवाज़



**वाराणसी** । दशाश्वमेध थाने पर तैनात दरोगा पर जानलेवा हमला करने व उसकी वर्दी फाड़ने और बिल्ला नोंचने के मामले में तीनों आरोपियों को कोर्ट से राहत मिल गयी। शनिवार को विशेष न्यायाधीश (एस.सी /एस.टी) एक्ट अनिल कुमार पंचम की अदालत ने सोनिया, छित्तूपुरा थाना सिगरा निवासी नितिश कुमार, खोजवा, थाना भेलूपुर निवासी सनी गुप्ता उर्फ सन्नी व गणेश महाल, थाना दशाश्वमेघ निवासी संतोष कुमार सिंह को एक–एक लाख रुपये की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शशिकांत राय चुन्ना, बिपिन शर्मा व आयुष चन्द्र राजपूत ने पक्ष रखा।

प्रकरण के अनुसार दशाश्वमेध पर तैनात उपनिरीक्षक आनंद प्रकाश ने दशाश्वमेध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 7/8 अप्रैल 2024 की रात्रि को वह क्षेत्र में मेरे द्वारा गस्त करते हुए गोदौलिया चौराहे पर पहुंचे, जहां पर दर्शनार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान एक नारंगी रंग की ङ्गलट उव्रङए 200 बिना नम्बर प्लेट की बाइक बड़ी तेजी से चलाते हुये एक व्यक्ति बांसफाटक से दशाश्वमेध की तरफ जा रहा था। जब उसे रोककर जब उससे वाहन पर नम्बर प्लेट न होने व हेलमेट न लगाने तथा गाड़ी कागजात मांगा गया, तब उक्त वाहन सवार अपशब्दों का प्रयोग करने लगा। उसी दौरान 2 मोटर साइकिल से कुछ अजात लोग जो इसके साथी थे, आये और 10–15 अन्य अज्ञात लोगो को बुलाये तथा सभी लोग मिलकर मुझे एवं मेरे हमराही पुलिस वालों को गालीगलौज देते हुये धक्का मारकर नीचे गिरा दिया एवं कार्य सरकार में बाधा डालते हुये उस वाहन व उसके चालक को जबरदस्ती छुड़ाकर ले जाने लगे एवं हम पुलिस वालो को अभद्र टिप्पणी एवं गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुये जान से मारने की नीयत से डण्डे से प्रहार किये। जिससे मैं किसी तरह वहां से बच बचाकर अपनी जान बचाई एवं उक्त लोग वाहन चालक व वाहन को जबरदस्ती लेकर चले गये।इनके इस कृत्य से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन व गंगा स्नान करने आये हुये दर्शनार्थियों एवं अन्य दुकानदारों के बीच भय का माहौल पैदा हो गया सभी अफरा तफरी में इधर उधर भागने लगे व मेरे वर्दी के बटन बिल्ला स्टार नोंच दिया तथा सरकारी महिन्दा थार वाहन में तोड़फोड़ की। जिससे गाड़ी के आगे दाहिने तरफ का इंडिकेटर फूट गया। बाद में जब वीडियो फुटेज को देखने के बाद कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति नितिश सिंह, नितेश नरसिंघानियां, राहुल सिंह, सन्नी गुप्ता, गप्पू सिंह तथा अन्य सभी अज्ञात लोग है।

## परिणाम माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित होते ही विद्यालय परिवार सहित छात्र छात्राओं में खुशी की लहर

लोकतंत्र की आवाज़




**घनश्याम तिवारी**

**सिकन्दरपुर (बलिया)**। शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नए आयाम स्थापित करने वाले स्थानीय क्षेत्र के गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज में शनिवार को यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित होते ही विद्यालय परिवार सहित छात्र छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई।विद्यालय के प्रबंधक डॉ नरेंद्र प्रसाद गुप्ता व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से सभी मेधावियों को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मेधावियों को आशीर्वाद दिया।

विदित हो कि हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज की छात्रा दिशा राज ने 95.66% व छात्र अभिमान शर्मा ने 95.16% अंक हासिल कर जिला टॉपर्स की सूची में अपना स्थान हासिल किया हैं। वहीं अमृत कुमार ने 93.5%, श्रेया वर्मा 93.33%, अनुष्का यादव 92.66%,आकाश प्रजापति 92.66%, व गोल्डी यादव 92% तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में मन्नत परवीन 91.2%, ज्योति यादव 90%, शोभा यादव 89.8%, व मुकेश यादव ने भी 89.8% अंक हासिल कर विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। वहीं हाईस्कूल के छात्र आकाश प्रजापति ने गणित में 100 में 100 अंक हासिल कर सबको चौका दिया हैं। विद्यालय के लगभग 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने 90% प्लस अंक हासिल किया हैं। मेधावियों को सम्मानित करने के दौरान विद्यालय के प्रबंधक डॉ नरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के एक–एक शिक्षक व छात्र–छात्राओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि विद्यालय के बच्चे आज सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं।

वही विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने भी छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे बच्चों की जितनी प्रशंसा की जाए कम हैं। कहां की आने वाले समय में भी विद्यालय के बच्चे इसी तरह सफलता पर सफलूँता हासिल कर गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज के नाम को चरितार्थ करने का कार्य करेंगे। इस दौरान विद्यालय परिवार सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र–छात्राएं वह अभिभावक आदि लोग मौजूद रहें।

## अनिच्छित हत्या के मामले में अपर मुख्य अधिकारी बलिया को मिली जमानत

लोक तंत्र की आवाज़



**वाराणसी** । अखबार बांटने जा रहे तीन हाकरों की कार से कुचलकर हुई अनिच्छित हत्या के मामले में आरोपित जिला पंचायत, बलिया के अपर मुख्य अधिकारी को बड़ी राहत मिल गई। जिला जज संजीव पाण्डेय की अदालत ने रसूलपुर, अंगुलियां (गाजीपुर) निवासी आरोपित अपर मुख्य अधिकारी विंध्याचल सिंह कुशवाहा को एक–एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, विकास यादव व अजय पाल ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार चौबेपुर निवासी वादी अजगुत प्रसाद ने चौबेपुर थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि 13 अप्रैल 2024 को उसका लड़का संजीत कुमार गांव के शैल कुमार व प्रमोद कुमार के साथ सुबह अपनी–अपनी साईकिल से अखबार बांटने चौबेपुर जा रहे थे। उसी दौरान समय करीब 6.15 बजे उंगापुर (पंडापुर) के सामने गाजीपुर की तरफ से तेज रफ्तार से आती हुयी कार (यूपी 70 जीएक्स 1800) जिसे चालक विन्ध्याचल सिंह कुशवाहा चला रहा था, तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाकर बारी–बारी तीनों व्यक्तियों को टक्कर मारते हुए भागने का प्रयास किया, जिससे संजीत व शैल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी तथा प्रमोद को गम्भीर हालत में अस्पताल भेजवाया गया। जहां बाद में प्रमोद की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपित चालक के खिलाफ आईपीसी की धारा 279, 338 व 304 (ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बाद में विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 304 (ए) को तरमीम करते हुए धारा 304 (2) व 427 की बढ़ोत्तरी कर दी।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु निकाली मतदाता जागरूकता रैली

लोक तंत्र की आवाज़




**शुजागंज अयोध्या** । लोकसभा सामान्य निर्वाचन मे मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अद्भुत अयोध्या स्वीप अभियान के तहत बृहद मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जागरूकता रैली प्राथमिक विद्यालय हलीम नगर से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर मे सम्पन्न हो गई।इस अभियान के तहत पिछले लोकसभा चुनाव के सापेक्ष मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं सुधार लाने हेतु घर घर जाकर जागरूक किया जा रहा है तथा जागरूकता रैली निकाली जा रही है।इस जागरूकता रैली मे लोगो द्वारा पहले मतदान फिर जलपान, भारत भाग्य विधाता अभी जागो प्यारे मतदाता, छोड़कर आपने सारे काम आओ चले करे मतदान के नारे लगा जागरूक किया। इस अवसर पर सचिव हलीम नगर पवन कुमार, ग्राम प्रधान मो एजाज, मो. अबुबकर, बी एल ओ बेबी यास्मीन, सुशीला कुमारी, नीलम भारती, आशा कार्यकत्रि रचकला, रीता,विनीता सहित अध्यापक अध्यापिकाये छात्र छात्राएं,एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लोकसभा निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 33 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा

लोक तंत्र की आवाज

**लखनऊ रत्ना** । 20 अप्रैल को चतुर्थ चरण में 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया शाहजहांपुर में 01, खीरी में 02, धौरहरा में 03, सीतापुर में 01, हरदोई में 01, मिश्रिख में 01, उन्नाव में 02, फर्रूखाबाद में 01, इटावा में 02, कानपुर में 03, अकबरपुर में 03, बहराइच में 01 प्रत्याशियों ने नामांकन किया प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024** के चतुर्थ चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136–ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन–2024 के लिए 18 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 33 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गये। 20 अप्रैल को 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 27–शाहजहांपुर (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। 28–खीरी लोकसभा सीट के लिए 02 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। 29–धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरे गये। 30–सीतापुर लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। 31–हरदोई (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। 32–मिश्रिख (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया। 33–उन्नाव लोकसभा सीट के लिए 02 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। 40–फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के लिए 01 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। 41–इटावा (अ0जा0) लोकसभा सीट के लिए 02 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरा गया। 43–कानपुर लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरे गये। 44–अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए 03 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरे गये। चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई, 2024 (सोमवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा हेतु तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये है।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी** ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। इसी प्रकार विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 10,000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रत्याशी को 5000 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी।

**लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र** में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम 03 वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम 05 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। राजनीतिक दलों द्वारा खड़े किये गये उम्मीदवारों को फार्म–ए तथा फार्म–बी अंतिम तिथि 29 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक दाखिल करना होगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुंबई पुलिस की डर से सहमे हुए हैं मसही गांव के लोग



गौनाहा / सीने स्टार फिल्म अभिनेता सलमान खान के बंगले पर हुई फायरिंग मामले में गौनाहा थाना क्षेत्र के मसही गांव के शूटरो के परिजन सहित अन्य लोग मुंबई पुलिस के डर से सहमे हुए हैं। शूटर विक्की कुमार व सागर पाल के घर मुंबई पुलिस पहुंचकर दो बार पूछताछ कर चुकी है। बिक्की के सगे भाई सोनू को भी मुंबई पुलिस चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर पूछताछ हेतु मुंबई ले गई है। विक्की के पिता साहेब साह ने कहा कि मेरे दोनों पुत्र मुंबई पुलिस के हिरासत में है। दोनों बेटो के गिरफ्तारी के बाद परिवार के लोग दहशत में है। मोर बेलवा गांव के जयराम यादव के पिता खोभारी यादव तथा मिथिलेश मिश्रा के पिता राजकुमार मिश्रा ने बताया की सोनू के साथ हमलोग का बेटा चंडीगढ़ में मजदूरी करता था। सोनू के गिरफ्तारी के बाद जयराम यादव व मिथिलेश मिश्रा घर आ गए हैं। मुंबई पुलिस द्वारा दोनों युवको से पूछताछ की जा रही है। अभी भी उक्त दोनों परिवार के लोग सहमे हुए हैं कि कभी भी मुंबई पुलिस पूछताछ हेतु यहाँ पहुंच सकती है। यही कारण है की मसही गांव के अंकित कुमार तथा आशीष उर्फ खलीफ व उनके परिवार के लोग मुंबई पुलिस की डर से कही भी मजदूरी करने नहीं जा पा रहे है।

### धोखे से बुलाकर मारपीट कर पैसा छीनने तथा झूठा वीडियो बनाने का लगाया गया आरोप

**क्षितिज राज**

बेतिया :- जिला पश्चिम चम्पारण साकिन राजाभार, थाना- मझौलिया निवासी सी. एस. पी. बैंक संचालक सह उप मुखिया संतोष राम, पिता शिव शंकर राम ने काली बाग ओ.पी. थाना बेतिया मे धोखे से बुलाकर पैसा, मोबाइल तथा मारपिट का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है कि मेरे द्वारा रूपया जमा एवं निकासी का कार्य किया जाता हैं। महिला समुह का ₹1,90,000/- (एक लाख नब्बे हजार) रूपैया जमा था। उक्त रूपया को एच०डी०एफ०सी० बैंक सुप्रिया रोड़ बेतिया दिनांक 14.04.2024 को समय लगभग 3:30 बजे जमा करने पहुँचा। तभी मेरे मोबाईल नं- 9708051252 पर अज्ञात नंबर से फोन कर पूर्व से परिचित सत्यम कुमार पिता किशोरी सिंह साकिन- राजाभार, थाना मझौलिया, जिला पश्चिम चम्पारण निवासी खाता खुलवाने के लिए बेतिया कालीबाग मंदिर के पास बुलाया। मैं उसके कहने पर कालीबाग मंदिर के गेट पर गया तो मुझे वह मंदिर के बगल में खाली मैदान में ले गया जहाँ सात आठ नवयुवक पहले से ही मौजुद थे और तभी मेरे पैंट में रखे ₹ 1,90,000/- (एक लाख नब्बे हजार) रूपया तथा मोबाइल सत्यम कुमार एवं अन्य दो नवयुवक निकाल लिये मैं विरोध किया तो वे सब मुझे मारपीट करने लगे। जैसे ही अपना दूसरे फोन से 112 पुलिस को सूचना देने हेतु निकाला तो सत्यम कुमार एवं अन्य व्यक्ति मारपीट कर छीन लिये तथा सत्यम कुमार मुझे धमकी देते हुए लड़की के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे इसलिए मारपीट हुई है कह कर मेरा झूठा वीडियो बनाया। डर से जैसे कहा मैं वैसा कहा। इसकी सूचना देने अपने थाना मझौलिया गया वहाँ कहा गया कि घटना स्थल के नजदीकी थाना पर आवेदन दे, जिसके लेकर बेतिया काली बाग ओ.पी. थाना मे आवेदन द्वारा न्याय की गुहार लगाई है ताकी जांचोंपरान्त उक्त व्यक्तियो पर कानूनी कारवाई हो।

# चिउरही पंचायत के विंदवलिया ग्राम में दोपहर में अचानक आग लगने से करीब सैकड़ों घर जल कर हुआ खाक

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

आग लगने का कारण एक घर में खाना बना कर आग नहीं बुझाने का कारण बताया गया । आग लगने की सूचना मिलते ही वाल्मीकि नगर लोकसभा के सांसद प्रत्यासी दिनेश अग्रवाल पीड़ितों से मिलने पहुंचे तथा पीड़ितों का हाल जाना।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक घर में खाना बनाने के पश्चात असावधानी के कारण उसके घर में आग लग गई तथा देखते ही देखते विंदवलिया ग्राम में करीब सैकड़ों घरों को अपने आगोश में ले ली।इस आग लगने की घटना में लाखों की संपति जलकर राख हो गई। दिनेश अग्रवाल जब घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी दुखी हालत को देखकर काफी दुखी हुए और प्रशासन से पीड़ितों के राहत के लिए आवश्यक सामग्री तथा आर्थिक सहयोग के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ इन पीड़ितो को अविलंब उपलब्ध कराने की आवाज बुलंद की साथ ही मेरा स्वाभिमान संस्था द्वारा संजीवनी कार्ड के माध्यम से उससे मिलने वाले लाभ को प्रत्येक पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराने को कहा।सबसे ज्यादा दुःख वहा पीड़ित बच्चोंएवम महिलाओं को देखकर हुआ। जो नम आंखों से अपने बच्चों के जले हुए कॉपी किताब ढूंढ ढूंढ कर निकाल रहे थे और आंखों से सपनो के टूटने का अहसास झलक रहा था।दिनेश अग्रवाल ने उन निराशावादी बच्चो के सर पर हाथ रखकर कहा की इन बच्चो की पढ़ाई नहीं रुकेगी।इन बच्चो की पढ़ाई की सामग्री संस्था द्वारा उपलब्ध कराने को कहा तथा साथ ही उन उजड़े परिवार को बसाने के लिए इस क्षेत्र सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों को मदद करने के लिए आगे आने को कहा और बोला की इस संकट की घड़ी में मिलकर सभी मिलकर इन पीड़ित परिवारों का साथ दे।मौके पर संस्था के महामंत्री उमेश अग्रवाल,संयोजक जितेंद्र कुमार,पंचायत प्रमुख प्रेमशंकर सिंह,नसीम असरफ,राजीव कुमार,संदीप चौधरी,प्रेम किशोर,नरेश यादव,सन्नी कश्यप,दीपक गुज्जर आदि उपस्थित रहे।

**करीब सैकड़ों घरों को अपने आगोश में ले ली**




## पीड़ित परिवार को राहत सामग्री देने पहुंचे दिनेश अग्रवाल




लोकतंत्र की आवाज

बगहा। चिउरही पंचायत के विंदवलिया गांव में खाना बनाने के दौरान आग लगाने से सैकड़ों घर जलकर खाक हो गए थे जिसकी जानकारी वाल्मीकि नगर लोकसभा के सांसद प्रत्यासी दिनेश अग्रवाल को मिली तो उन्होंने तुरंत पीड़ितों से मिलने पहुंचे और पीड़ितों परिवार का हाल जाना। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी अनुसार एक घर में खाना बनाने के दौरान घर में आग लग गई आग देखते ही देखते गांव के लग भग सैकड़ों घरों को अपने आगोश में ले ली। इस आग लगने की घटना में लाखों की संपति जलकर राख हो गई। दिनेश अग्रवाल जब घटना स्थल पर पहुंचे तो वहां पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी दुखी हालत को देखकर काफी दुखी हुए और प्रशासन से पीड़ितों के राहत के लिए आवश्यक सामग्री तथा आर्थिक सहयोग के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ इन पीड़ितो को अविलंब उपलब्ध कराने की आवाज बुलंद की साथ ही मेरा स्वाभिमान संस्था द्वारा संजीवनी कार्ड के माध्यम से उससे मिलने वाले लाभ को प्रत्येक पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराने को कहा।सबसे ज्यादा दुःख वहा पीड़ित बच्चों एवम महिलाओं को देखकर हुआ। जो नम आंखों से अपने बच्चों के जले हुए कॉपी किताब ढूंढ ढूंढ कर निकाल रहे थे और आंखों से सपनो के टूटने का अहसास झलक रहा था। दिनेश अग्रवाल ने उन निराशावादी बच्चो के सर पर हाथ रखकर कहा की इन बच्चो की पढ़ाई नहीं रुकेगी।इन बच्चो की पढ़ाई की सामग्री संस्था द्वारा उपलब्ध कराने को कहा तथा साथ ही उन उजड़े परिवार को बसाने के लिए इस क्षेत्र सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों को मदद करने के लिए आगे आने को कहा और बोला की इस संकट की घड़ी में मिलकर सभी मिलकर इन पीड़ित परिवारों का साथ दे।मौके पर संस्था के महामंत्री उमेश अग्रवाल,संयोजक जितेंद्र कुमार,पंचायत प्रमुख प्रेमशंकर सिंह,नसीम असरफ,राजीव कुमार,संदीप चौधरी,प्रेम किशोर,नरेश यादव,सन्नी कश्यप,दीपक गुज्जर आदि उपस्थित रहे।

## कोटवा थाने में पिता की जगह पुत्र करता है नौकरी, एसपी ने दिया जांच का आदेश



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

मोतिहारीः थाने में एक नही दो नही चार पांच चौकीदार पिता की जगह पुत्र करता है नौकरी, अधिकारी तक को भनक नही अधिकारियों के साथ भी कैदी लेकर खड़ा है चौकीदार का पुत्र...कागज पर पिता और क्षेत्र में बेटा कर रहा ड्यूटी। इस मामले में मोतिहारी एसपी ने सदर एएसपी को दिया जाँच का जिम्मा। मामले में कोटवा थानाध्यक्ष से पूछा स्पष्टीकरण विदित हो कि कोटवा थानाध्यक्ष और एएसपी के साथ तस्वीर में एक फर्जी (टुनटुन) नामक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में है मौजूद। थानाध्यक्ष से पूछा गया स्पष्टीकरण।

## गौनाहा : पुल का लोहा चोरी मामले मे प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज



गौनाहा / मटियरिया थाना क्षेत्र के एकडेरवा चरिहानी गांव के बीच ढोगही नदी पर बनाए गए लोहे का पुल के आठ चादर को चोरी कर लिए जाने की प्राथमिकी मटियरिया थाने में दर्ज की गई है। मटियरिया थाना के चौकीदार बद्री पासवान के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। उक्त लोहे के पुल की जगह ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा करीब 7 करोड़ 8 लाख 20 हजार 645 रूपए की लागत से नया आरसीसी पुल का निर्माण कर लिया गया है। पुराने लोहे की पुल को उखाड़ कर वहीं रखा गया था। जिसमे से चोरों द्वारा 8 लोहे के चादर को चोरी कर ली गई थी। इस घटना को लेकर चौकीदार के बयान पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। चोरों द्वारा पुल के लोहे की चादर की चोरी की गुप्त सूचना पुलिस को मिली। जिस पर तिवृत्त कार्रवाई करते हुए 18 अप्रैल के रात्रि को एकडेरवा गांव से उत्तर सरेह से छापामारी कर चोरी की गई सभी 8 लोहे के चादर को बरामद कर ली है। थानाध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि इस घटना को लेकर थाने में कांड संख्या 39/24 दर्ज की गई है, उन्होंने बताया कि झोटिल पटेल सहित चार को नामजद तथा 10 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज की गई है। जबकि पूछताछ के दौरान झोटिल पटेल को जेल भेज दिया गया है।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में वाहनों के अधिग्रहण हेतु बस मालिकों के साथ एसडीएम ने किया बैठक

लोकतंत्र की आवाज




**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

अगामी 21 मई 2024 को एसएसबी कैंप मंगलपुर औसानी में बस मालिकों को बस जमा करने का निर्देश दिया गया--एसडीएम बगहा, 19अप्रैल।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बगहा अनुमंडल पदाधिमारी डॉ अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को अनुमंडल सभागार भवन में बगहा अनुमण्डल अन्तर्गत तीन विधानसभा के कुल 848 मतदान केन्द्र पर प्रयुक्त किए जाने वाले वाहनों के अधिग्रहण हेतु सबसे पहले बस मालिकों के साथ एक बैठक आहूत की गई। सभी बस मालिको एवं स्कूल के संचालकों से उनके बसों की संख्या,वाहन निबंधन संख्या एवं मोबाइल नंबर फॉर्मेट में लिया गया।अगामी 21 मई 2024 को एसएसबी कैंप मंगलपुर औसानी में बस जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी प० चम्पारण, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बगहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा एवं रामनगर, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनुमण्डल बगहा, अंचल अधिकारी बगहा -एक एवं बगहा-दो, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी बगहा-1 एवं बगहा-2 एवं बस मालिको/संचालकों, निजी विद्यालयों के संचालकों की उपस्थिति रही।

## आईसीडीएस द्वारा दिव्यांग जनों को मतदान करने के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

लोकतंत्र की आवाज




गौनाहा / प्रखंड के धनौजी पंचायत पहकौल गांव में शनिवार को सीडीपीओ कुमारी सुचेता कि अध्यक्षता में सेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत दिव्यांग लोगों को सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। सीडीपीओ ने गांव के मतदाताओं को जागरुक करते हुए कहा कि 25 मई को हर हाल में मतदान करने बूथ पर जरूर जाये। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गांव में जितने भी दिव्यांग मतदाता है उन्हें भी मतदान केंद्र पर लेकर जाएं ताकि वे अपने मत का प्रयोग कर सके। दिव्यांग मतदाताओं से संबंधित रंगोली बनाई गई तथा गुब्बारे भी उड़ाए गये। गांव के बच्चियों द्वारा पेड़ के पत्तों पर जागरूकता संबंधित नारे लिखकर फैशन शो किया गया। आईसीडीएस के प्रखंड सामान्य नवीन कुमार गुप्ता, महिला पर्यवेक्षका बबीता कुमारी व रूपम प्रिया द्वारा दीवाल लेखन एवं सत प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्राम वासियों से अपील की। मौके पर सेविका संघ के अध्यक्ष सुमन वर्मा सहित अन्य सेविका उपस्थित थी।

## पढ़ाई पीरियड के दौरान शिक्षक का क्लास में सोने का वीडियो वायरल

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

बिहार में स्कूलों की हालात किसी से छिपी नहीं है. इसी बीच बिहार में शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलती एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में एक शिक्षक को क्लास के दौरान सोते हुए देखा जा सकता है. पूरा मामला बिहार के पश्चिमी चंपारण के बगहा पुलिस जिला का है. वीडियो में जहां पर एक सरकारी विद्यालय के शिक्षक का विद्यालय में बच्चों के कहीं और बैठते खेलते नजर आ रहे हैं, तो वहीं मास्टर साहब का कुर्सी पर सोते हुए वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. सबसे हद तो तब होती जब जिम्मेदार ऐसे मामलों में पल्ला झाड़ लेते हैं।

**कुर्सी पर सो गए 'मास्टर साहब'**

वायरल हो रहे वीडियो में सरकारी विद्यालय के बच्चों को पढ़ाने गए शिक्षक अपनी कुर्सी पर बैठ कर ही सो रहे हैं और वहीं पास में बाहर जमीन पर बैठे बच्चे आपस में बात करते और खेलते नजर आ रहे हैं. जिसका वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो की जब पड़ताल की गई तो यह वीडियो मधुबनी प्रखंड के मधुबनी पंचायत में स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का है. जिसमें एक शिक्षक राजेश कुमार जो विद्यालय क्लास रूम में कुर्सी पर बैठ सो रहे हैं और बच्चे अपने से पढ़ रहे एवं खेल रहे हैं.

शिक्षक पर कार्रवाई होगी ऐसे में ये सवाल उठता है कि जब विद्यालय में ड्यूटी पर तैनात शिक्षक क्लास रूम में बच्चों के सामने ही सोएंगे तो बच्चों का विकास कैसे होगा. एक तरफ बिहार सरकार जहां बच्चों के उच्चस्तरीय शिक्षा से उनके उज्जवल भविष्य और विकास के लिए प्रयासरत है, वही दुसरी तरफ स्कूलों से आए दिए इस तरह के वीडियो वायरल होते रहते हैं. वहीं मधुबनी पंचायत के ग्रामीण बताते हैं कि शिक्षक का क्लास रूम में करते खराटे मारने का वीडियो हमारे गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का है. वायरल हो रहे वीडियो में राजेश कुमार नाम का शिक्षक है. वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि यह वीडियो मधुबनी गांव के राजकीय बुनियादी विद्यालय मधुबनी का है. क्लास में सोते हुए शिक्षक पर कार्रवाई होगी और उनसे स्पष्टीकरण पूछा जाएगा।



## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का विरोध करने वालों पर होगी प्राथमिकी: जेई

लोकतंत्र की आवाज



गौनाहा / प्रखंड बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर का गांव-गांव में विरोध होने के कारण मीटर लगाने में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए बिजली विभाग गौनाहा के कनीय अभियंता प्रमोद पासवान ने बताया है कि बिजली विभाग द्वारा प्रत्येक घर में पुराने मीटर को हटाकर नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का सख्त निर्देश दिया गया है। यही कारण है कि गांव-गांव में बिजली विभाग द्वारा पुराने मीटर को हटाकर नए मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। परंतु गांव की ग्रामीण जनता स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का सख्त विरोध कर रही है, जिसके कारण काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने बताया कि अगर गांव में बिजली उपभोक्ता इसका विरोध करते हैं तो उन पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने की प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। विदित हो कि बिजली विभाग ने यह निर्णय लिया है कि घरेलू या कमर्शियल मीटर की जगह स्मार्ट मीटर लगाए जाने का अगर कोई भी व्यक्ति विरोध करता है तो उस गांव के बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा तथा विरोध करने वाले संबंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भूसवर में लगी आग 24 घर जलकर हुई खाक!



रौशन सिंह

विभूतिपुर ।प्रखंड के भूसवर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में भीषण आग लग गई ! जिसमें तकरीबन 24 घर जलकर राख हो गई ! जिसमें एक बकरी भी जल गई !और एक गाय का बच्चा भी झुलस गया ! अधिकारी के द्वारा तत्काल राहत में चूरा शक्कर एवं तीरपाल की व्यवस्था की गई ! तकरीबन 2 घंटे तक दो दमकल की गाड़ी पूर्ण मशक्कत के साथ आग पर काबू पाई ! आग से जिन–जिन लोगों का घर जला उनका नाम निम्न हैं लाल बाबू महतो राजेंद्र पंडित लालबाबू पंडित चंदन पंडित मोहम्मद रजाक समीना खातून अनिल कुमार मोहम्मद अनवर महेंद्र ठाकुर ललन कुमार ठाकुर रामेश्वर महतो इत्यादि।

### सांसद गोपाल जी ठाकुर के नामांकन सभा में स्कूली बच्चों को शामिल करने के संबंध में युवा कांग्रेस प्रवक्ता केशव ठाकुर ने मुख्य चुनाव आयुक्त को दर्ज कराया शिकायत

दरभंगा।वायरल वीडियो के आधार पर दरभंगा लोकसभा प्रत्याशी द्वारा नामांकन सभा में भीड़ दिखाने के लिए स्कूली बच्चों को पैसे दे कर शामिल करने का लगाया आरोप। चुनाव आयोग को लिखा की प्रत्याशी गोपाल जी ठाकुर जी ने नामांकन सभा का आयोजन किया था, जिसमे भीड़ दिखाने के लिए स्कूली बच्चों का इस्तेमाल किया गया है। बच्चों को पैसे दे कर सभा में शामिल कराया गया है ऐसा इस वीडियो में बच्चे स्वीकार कर रहे हैं। चुनाव आयोग को लिखे पत्र में लोकसभा प्रत्याशी का नामांकन रद्द करने का मांग किया है।

### श्री 1008 35 वां श्री विष्णु यज्ञ का सम्मान शुक्रवार को किया गया



मुन्ना ठाकुर

फारबिसगंज/अररिया। श्री श्री 1008 35 वां श्री विष्णु यज्ञ का सम्मान शुक्रवार को किया गया। फारबिसगंज के केशरी मुहल्ला में पिछले 11 दिनों से भगवान विष्णु सहित विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जहाँ मानस यज्ञ एवं संकीर्तन ग्यारह दिनों तक चलता रहा, विष्णु के विराटरूप के दर्शन को ले भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ परी थी। यज्ञ का उद्देश्य मानव कल्याण, पर्यावरण व आत्मा की शुद्धता रहा। यज्ञ समापन के उपरांत प्रतिमा विसर्जन को ले शहर में निकले प्रतिमा विसर्जन यात्रा में विधायक मंचन केशरी सहित रजत सिंह, राजू साह,आदित्य भगत,अविनाश कनौजिया आदि हजारों लोग व ग्रामीण आदिवासी महिलाएं भी बढ़–चढक़र भाग लिया।

### शादी समारोह से लौटने में बाइक दुर्घटना में 3 घायल, एक सदर अस्पताल रेफर



मशरक (सारण)। मशरक महम्मदपुर एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में और चांद बरवा गांव में शादी समारोह से लौटने के दौरान बाइक दुर्घटना में 3 घायल इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार 1 घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायलों मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के पूरब टोला गांव निवासी स्व दारोगा सिंह का पुत्र सुनील सिंह और सुनील सिंह का पुत्र पिंटू कुमार सिंह एवं चादबरवा गांव निवासी जोहन बैठा हैं। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस आने के दौरान बाइक दुर्घटना में तीनो घायल हो गए।

# एईएस/ जेई के रोकथाम को चौपाल लगाकर लोगों को करें जागरूक

लोकतंत्र की आवाज

**अस्पताल में नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रखे - एईएस के प्रबंधन में कोताही बर्दास्त नहीं**



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारीः** जिले के रक्सौल अनुमण्डलीय अस्पताल में अनुमण्डल पदाधिकारी, रक्सौल, शिवाक्षी दीक्षित की अध्यक्षता में एईएस/जेई के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गईं। वहीं अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा अस्पताल का निरीक्षण करने के साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।अनुमण्डल पदाधिकारी, रक्सौल,शिवाक्षी दीक्षित ने उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों, एसएमसी यूनिसेफ़, सीडीपीओ, बीएचएम, बीसीएम,एमओ,एलएस, से चमकी बुखार से प्रभावित बच्चों के इलाज व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया की अस्पताल में नियंत्रण कक्ष 24७7 संचालित रखे, एईएस के प्रबंधन में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने रक्सौल, छौड़ादानों, रामगढ़वा, आदापुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अस्पताल में नियंत्रण कक्ष 24७7 संचालित रखेगें,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पंचायत स्तर पर एईएस/जेई रोकथाम हेतु नोडल कर्मी बनाएगें ताकि राज्य, जिला एवं प्रखण्ड स्तर से प्राप्त आवश्यक सूचना को निचले स्तर तक पहुंचाने में सुगमता हो एवं पंचायत स्तर पर हो रहे। गतिविधियों की सूक्ष्म अनुश्रवण किया जा सके,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,मंगलवार तक आंगनबाडी सेविका के द्वारा घर–घर सर्वे कराने के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर लें एवं उसकी प्रति उपलब्ध करा दें, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मंगलवार तक आशा के द्वारा घर–घर सर्वे कराने के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर लें एवं उसकी प्रति उपलब्ध करा दें।

**एईएस/ जेई के रोकथाम हेतु**

टोला स्तर एवं आँगनबाड़ी द्वारा लगाए चौपाल उन्होंने निर्देश दिया की प्रतिदिन एईएस/जेई के रोकथाम हेतु टोला स्तर पर एवं आँगनबाड़ीकेंद्र पर चौपाल के माध्यम से जागरुक करते रहेगें। त्वरित रुप से एईएस/जेई से आशंकित बच्चो को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचाने हेतु पंचायत स्तर पर वाहन को टैगिंग कर सूची उपलब्ध करा कर प्रदर्शित किय जाय। चमकी से बचाव के उपाय चौपाल के दौरान लोगों को बताए की चमकी बुखार से बच्चों को बचाने के लिऐ बच्चों को रात में सोने से पहले जरूर खाना खिलाए,सुबह उठते ही बच्चों को भी जगाकर देखें , कहीं बेहोशी या चमक तो नहीं,,बेहोशी या चमक दिखते ही तुरंत एंबुलेंस या नजदीकी गाड़ी से सरकारी अस्पताल ले जाए, तेज धुप से दुर रखे।अधिक से अधिक पानी, ओआरएस अथवा नींबू–पानी–चीनी का घोल पिलाएं। हल्का साधारण खाना खिलाएं, बच्चो को जंक–फुड से दुर रखे।खाली पेट लिची ना खिलाएं।रात को खाने के बाद थोड़ा मिठा जरूर खिलाऐ।सड़े–गले फल खा सेवन ना कराएं, ताजा फल ही खिलाएं।बच्चो को दिन में दो बार स्नान कराएं।घर के आसपास पानी जमा न होने दे।रात को सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करे। बैठक में पदाधिकारी,रक्सौल,शिवाक्षी दीक्षित, उपाधीक्षक डॉ राजीव रंजन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,एसएमसी यूनिसेफ़, सीडीपीओ, बीएचएम, बीसीएम, एमओ,एलएस व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।


### 46 आगलगी पीडीतों के बीच भाजपा नेता ने वस्त्र, खाद्य पदार्थ और बर्तन का किया वितरण



**लोकतंत्र की आवाज**

**बगहा।** एक प्रखंड के बथवरिया थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात में अचानक आग लगने से 46 घर जल कर राख हो गया था। इस घटना की ख़बर मिलते ही भाजपा नेता तुषार सिंह ने अग्नि पीड़ति परिवारों को खाद सामग्री, बर्तन एवं कपड़ा वितरण किया। इस दौरान श्री सिंह ने अग्नि पीड़ति परिवारों से मिले एवं घटना की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी। भाजपा नेता तुषार सिंह ने बताया कि जैसे ही हमें बथवरिया मे आगलगी के घटना की जानकारी मिली। वैसे ही सभी अग्नि पीड़तिों के लिए राहत सामग्री और भोजन वितरण शुरू कर दिया। आग लगने के कारण 46 परिवारों की बहुत सी संपत्ति का बहुत नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि अग्नि पीड़ति परिवार बहुत ही कष्ट से जीवन काट रहे हैं। सभी अग्नि पीड़ति परिवारों के बीच साड़ी, बर्तन, प्लेट, चूड़ा, भुजा, भुजिया, स्टील का गिलास, बिस्कुट, नमक धोती आदि सामानों का वितरण किया। उन्होंने बिहार सरकार से आग्रह कर सभी अग्नि पीड़ति परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर मुहैया कराने का आग्रह किया। इस दौरान कुणाल पहलवान, सचिन पहलवान, भोला पहलवान, गोलू पहलवान, राजा पहलवान, राजकुमार पहलवान, मुकेश गुप्ता, केश्वर यादव, मंजीत यादव, आदर्श पांडे, रोहित कुमार, राहुल यादव, उमेश यादव, बिट्टू यादव, हीरालाल यादव, शेषनाथ यादव, सत्यम यादव मौजूद थे।

### जेसीबी के गड्डे में डूबने से तीन बच्चो की मौत




लोकतंत्र कि आवाज


**मुरारी झा**

**मनीगाछी।** में जेसीबी के 20 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से 3 बच्चों की मौत हो गई है। हादसा, शनिवार दोपहर की है। जहां तीनों बच्चे वहां नहाने के लिए गए थे। लेकिन, तीनों की उसी गड्ढे में डूबने से मौत हो गई है। इसमें दो बच्चे एक ही परिवार के हैं। आपस में भाई हैं। हादसा, मनीगाछी थाना के नारायणपुर गांव का है जहां तीन बच्चों की मौत जेसीबी से गोदे गए गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। जहां, तीनों की लाश मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, नजरा मोहम्मदा गांव के अशरफ अली के दो पुत्र बारह वर्षीय एबादुल्लाह और ग्यारह वर्ष के सनाउल्लाह वहीं, मो. अंजिर के दस वर्षीय पुत्र अलरकीब की मौत डूबने से हो गई। बताया जाता है कि गांव से एक किमी की दूरी पर नजरा मोहम्मदा में जेसीबी से कई बीस फीट गहरे गडढे में नहाने के लिए तीनों उतर गए। जहां, डूबने से तीनों की मौत हो गई। इसकी आधिकारिक पुष्टि थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने की है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा डीएमसीएच भेज दिया गया है। बच्चों के परिजनों के घर कोहराम मचा है।

## 'जनता ने मेरे उपर जीत की मुहर लगा दी है', मोतिहारी पहुंचे पूर्वी चंपारण से वीआईपी उम्मीदवार डॉ राजेश का दावा

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारीः** पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के तरफ से वीआईपी के घोषित प्रत्याशी डॉ. राजेश कुमार टिकट मिलने के बाद शनिवार को मोतिहारी पहुंचे। जिला के सीमा में पहुंचने के साथ ही वीआईपी प्रत्याशी डॉ. राजेश कुमार का जगह–जगह स्वागत किया गया. इस दौरान महागठबंधन के कई नेता भी उनके साथ मौजूद रहे. समर्थकों और महागठबंधन नेताओं के उत्साह को देख पूर्वी चंपारण से वीआईपी प्रत्याशी डॉ. राजेश कुमार भी काफी खुश दिखाई दे रहे थी. सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ अपने जिला में पहुंचे वीआईपी प्रत्याशी ने कहा कि वह महागठबंधन के उम्मीदवार हैं और जनता ने मेरे ऊपर जीत का मुहर लगा दिया है. ₹चंपारण के लोगों के पुकार पर मुझे प्रत्याशी बनाया गया है. चंपारण की लोगों की मांग डॉ. राजेश हैं. चंपारण के लोग ही किसी को हीरो बनाते हैं और जीरो बनाते हैं. लोगों ने उनको 25 साल से देख लिया है. जनता ने उनको नकार दिया है और डॉ. राजेश पर मुहर लगा दी है.₹– डॉ. राजेश कुमार, वीआईपी प्रत्याशी, पूर्वी चंपारण. टिकट देने में हुई देरी पर डॉ. राजेश ने कहा कि तरह तरह के उम्मीदवार थे, जिससे नेता दिग्भ्रमित हो रहे थे.अन्ततः चंपारण के लोगों के पुकार पर डॉ. राजेश को उम्मीदवार बनाया गया है. मैं महागठबंधन और वीआईपी का उम्मीदवार हूं.सभी एक ही पार्टी है.वीआईपी को मिले नए सिम्बल से कोई परेशानी नहीं होगी.राजद सुप्रीमों लालू यादव, तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी हैं. टिकट को लेकर कोई दबाब की बात नहीं है. सबका आशिर्वाद मुझे मिला है।

## फारबिसगंज निवासी मनीष शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 यूपीएससी में 307 वां रैंक लाकर न सिर्फ मारवाड़ी समाज का बल्कि पूरे शहर का नाम रौशन किया है

लोकतंत्र की आवाज



**मुन्ना ठाकुर**

**फारबिसगंज/ अररिया।** आयुर्वेदिक दवा व्यवसायी अविनाश शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र मनीष शर्मा ने 2023 के संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा यूपीएससी में 307 वां रैंक लाकर न सिर्फ मारवाड़ी समाज का बल्कि पूरे शहर का नाम रौशन किया है । उनकी माता सुमन शर्मा ने प्रफुल्लित होते हुए बताया कि मनीष बचपन से ही काफी मेधावी छात्र रहा है और पढ़ाई में उसकी गहरी अभिरुचि रही थी तथा किसी ऊंचे पद पर जाकर राष्ट्र की सेवा करने का उसने सपना संजो रखा था। मनीष ने दसवीं तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल तिलैया से तथा 12 वीं की पढ़ाई राजस्थान के कोटा से की थी जबकि आईटीआई गुवाहाटी से कंप्यूटर इंजीनियर की डिग्री हासिल करने के बाद हैदराबाद की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में अपनी सेवाएं दे रहे थे और इसके बाद वहां से यूपीएससी की तैयारी को लेकर उसने इस प्रतिष्ठित नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था। मनीष अपनी सफलता का श्रेय अपने मम्मी पापा, अपने ताऊशशि भूषण शर्मा को तथा बुजुर्गों के आशीर्वाद को देते हैं। मनीष की सफलता पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, फारबिसगंज विधायक मंचन केसरी, फारबिसगंज नगर परिषद की मुख्य पार्षद बीना देवी , बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नगर अध्यक्ष बछराज राखेचा ,फारबिसगंज केमिस्टस एंड ड्रगिस्टस एसोसिएशन के संरक्षक विनोद सरावगी,अध्यक्ष अवधेश कुमार साह सचिव मनोज कुमार भारती, दधिचि देहदान समिति के जिला अध्यक्ष अजातशत्रु अग्रवाल, सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा ,मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा एवं सचिव पूनम पांडीया,अग्रवाल महासभा के संरक्षक राजकुमार अग्रवाल अध्यक्ष अरविंद गोयल, सचिव पवन अग्रवाल जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष निर्मल मरोठी, दादाबाड़ी के अध्यक्ष मूलचंद गोलछा, साधु मार्गी जैन समाज के अध्यक्ष निर्मल सेठिया, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश राठी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गौरव लुणीया ,बिहार प्रांतीय महिला मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल एवं सचिव अंजु गोयल, कलवार सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सीताराम भगत, सचिव नंद गोपाल जायसवाल, सामाजिक संस्था एक पहल के संस्थापक अध्यक्ष इं.आयुष अग्रवाल आदि ने मनीष शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रमंडलीय सचिव अजातशत्रु अग्रवाल ने कहा कि मनीष शर्मा के अपने गृह नगर फारबिसगंज आने के बाद उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

## ऋषि और कृषि का देश है भारत– कुलपति डॉ.पीएस पांडे

लोकतंत्र की आवाज




**समस्तीपुर।** दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए पुसा विवि के कुलपति डॉ.पीएस पांडे ने कहा की भारत ऋषि और कृषि का देश हैं। उन्होंने कहा कि मृदा, जल, अग्नि, आकाश और हवा पर ही कृषि निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती भी इन सभी महाभूतों के समन्वय और कृषि के पुरातन विचार से प्रेरित है। उन्होंने पुसा विवि के इतिहास के संबंध में भी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की पुसा का संबंध वेदकालीन पुषण देवता से है जो पोषण, कृषि और पशुओं के देवता माने जाते हैं। इस कार्यशाला को केंद्रीय कृषि विवि झांसी के कुलपति डॉ. एके सिंह, वाई एस परमार विवि के कुलपति डॉ. आरएस चंदेल, भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री दिनेश दत्तात्रेय कुलकर्णी ने भी संबोधित किया। कुलपति डॉ. एके सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में मिट्टी और फसलों का शोषण हुआ है। मिट्टी और फसल को इस शोषण से बचाने की दिशा में प्राकृतिक खेती ही एक बेहतर विकल्प हैं। उन्होंने कहा की रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अधिक प्रयोग फसल व मिट्टी दोनो के लिए नुकसानदायक है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा की वर्ष 1950 में देश में फसल का कुल उत्पादन 50 मिलियन टन था जो किसानों की मेहनत और कृषि वैज्ञानिक के तकनीकों के बदौलत बढ़कर 330 मिलियन टन पहुँच गया हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय विश्व के सभी देश फसल उत्पादन में रासायनिक खाद व कीटनाशकों का इस्तेमाल कर रहे है परंतु वहां के कृषि वैज्ञानिकों और किसानों ने भी प्राकृतिक खेती की ओर अपना कदम बढ़ा दिया हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में फसल के ऐसे प्रभेदों को विकसित करने की जरूरत है जिसमें अधिक से अधिक मात्रा में पोषक तत्व मौजूद हो। उन्होंने कहा कि देश के तमाम कृषि विश्वविद्यालयों में नेचुरल फार्मिंग के विषय पर जोर शोर से कार्य शुरू करने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि नेचुरल फार्मिंग से उत्पन्न हुआ सभी तरह का प्रोडक्ट अधिक से अधिक पोषक तत्व वाला एवं मानव शरीर के लिए अत्यंत ही लाभकारी होगा। कुलपति डॉ. आरएस चंदेल ने कहा की आज के दौर में देश की 33 प्रतिशत भूमि बंजर घोषित हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी कृषि पद्धति नही बल्कि भारत के कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा विकसित की गई कृषि तकनीक और पद्धति ही हमारे किसानों के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पशुधन कम हो गए है इसे बढ़ाने की जरूरत हैं। जलसंकट से उबरने के लिए जल संरक्षण करने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद व कीटनाशकों के अधिक प्रयोग से आज जमीन से जीवाणु धीरे धीरे खत्म होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक खेती किसानों के लिए अत्यंत ही लाभकारी है।

## एनएच–722 पर ट्रक व बाइक में हुई टक्कर, पिता–पुत्र की मौत, दो अन्य घायल

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (चंदन सिंह)।** मुजफ्फरपुर एन एच–722 पर गरखा थाना क्षेत्र के बंटी लाइन होटल के समीप शनिवार की सुबह ट्रक और बाइक के बीच हुई टक्कर में पिता पुत्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान वैशाली जिले के हाजीपुर सरौटा भागहा निवासी कन्हाई महतो के 26 वर्षीय पुत्र मुकेश महतो, मुकेश महतो के 11 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार शामिल हैं। वही घायलों में मुकेश महतो की 26 वर्षीय पत्नी अनीता देवी और मुजफ्फरपुर जिले के कर्जा थाना क्षेत्र के बगहिया निवासी समत महतो के 14 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार बताया जाता हैं। दोनों को गरखा सीएचसी में प्राथमिक उपचार कर स्थिति को चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि छपरा शहर के रामनगर से एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे इसी दौरान घटना हुई। सूचना मिलने के बाद गरखा थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। वही ट्रक को पुलिस ने जब्त कर थाने लाया। ट्रक चालक घटना को अंजाम देकर भागने में सफल रहा।

## खेती को नौकरी से ज्यादा उत्तम माना जाता हैं राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि पुसा के विद्यापति सभागार में बदलते जलवायु के परिदृश्य में प्राकृतिक खेती और इसके महत्व पर दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के आरंभ में पुसा विवि के कुलपति डॉ. पीएस पांडे ने राज्यपाल को शॉल व मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यशाला में मौजूद विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, देश के कोने कोने से पहुँचे कृषि वैज्ञानिक आदि को संबोधित करते हुए राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि हमारे देश में खेती को नौकरी से ज्यादा उत्तम माना जाता हैं। आज की युवा पीढ़ी खेती किसानी को नए नए कृषि तकनीकों के माध्यम से करके नौकरी से ज्यादा पैसा कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती कोई नया विषय नही बल्कि देश की बहुत ही पुरानी तकनीक हैं। आज के दौर में हमारे किसान प्राकृतिक खेती से अलग हटकर रासायनिक खेती को जोर शोर से कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों को केवल इतना करना चाहिए कि वे किसानों को रासायनिक खेती की ओर से धीरे धीरे मोड़कर वापस प्राकृतिक खेती की ओर ले आएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से देश की दशा और दिशा दोनो बदलेगी। उन्होंने कहा कि रासायनिक कृषि और इसका उत्पाद हमारे मिट्टी, वायु, जल, पेड़–पौधों के साथ–साथ हमारे शरीर को भी नुकसान पहुँचा रहा हैं। उन्होंने कहा कि मिट्टी में अधिक से अधिक रासायनिक खाद के प्रयोग और फसलों पर अधिक से अधिक कीटनाशकों के प्रयोग ने आज हमें वहां पहुँचा दिया है जहां से हम तत्काल वापस नही हुए तो बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पुरानी कृषि पद्धतियों को छोड़कर या बदलकर हमलोगों ने अपना ही नुकसान किया हैं। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से भारत ही नही बल्कि पूरी दुनिया का सिस्टम बिगड़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिक, वैज्ञानिक व विशेषज्ञों को देश में मौजूद प्राकर्तिक संपदाओं पर ज्यादा से ज्यादा अध्ययन कर इसकी जानकारी आमलोगों तक पहुँचाने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन पद्धति में वामन वृक्ष या बोनसाई की भी चर्चा हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्व संस्कृति स्व विचार और स्व पद्धति से जुड़ना चाहिए जिसे हमलोगों ने पिछले कुछ वर्षों में भुला दिया हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के विषय पर दो दिनों तक चलने वाले इस विचार विमर्श कार्यशाला से निश्चित ही ठोस निर्णय निकलकर सामने आएगा जिससे किसानों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में ही प्राकृतिक खेती के विचार और पद्धति पहले से मौजूद है जिसे लोगों ने भुला दिया हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हमारे यहां वृक्ष आयुर्वेद की पद्धति भी मौजूद है जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं हैं। इस जानकारी को घर–घर तक पहुँचाने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छोटे–छोटे बच्चों को भी वृक्ष आयुर्वेद और प्राकृतिक खेती के विषय में जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के पास विश्व गुरु बनने की सभी शक्तियां मौजूद हैं। हम सभी को उन शक्तियों को साथ लेकर काम करने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यशाला का आयोजन समय–समय पर होते रहना चाहिए जिससे कृषि के भविष्य को बेहतर दिशा दिया जा सकें। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर शुरू हुए बीएससी ऑनर्स कोर्स की औपचारिक शुरुआत भी की। कार्यशाला के दौरान राज्यपाल ने प्राकृतिक खेती से संबंधित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यशाला से पूर्व राज्यपाल ने विवि के संविधान पार्क का उद्घाटन करने के साथ–साथ विवि द्वारा निर्मित लीची मधु के छोटे छोटे पैकेट का लोकार्पण भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला प्रशासन के निर्देश पर मतदान के प्रति वोटरों को अभियान चला कर किया जा रहा जागरूक




लोकतंत्र की आवाज

**मुन्ना ठाकुर, फारबिसगंज/अररिया।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतों की प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर सरकारी गेर सरकारी संगठनों के माध्यम लगातार अभियान चलाई जा रही है। मतदाताओं को निर्भय हो मतदान करने के लिये नुक्कड़ नाट्ज हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। कि एक स्वक्ष सुन्द सरकार को चुने जिससे देश का विकास हो क्षेत्र का विकास हो। इस अभियान में जीविका दीदियों को भी लगाया गया है जो गांव गांव जाकर मतदाताओं को प्रेरित कर रही है।

### लोकसभा चुनाव में मशरक प्रखंड में 6700 मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

लोकतंत्र की आवाज

**मशरक (सारण)।** लोकसभा आम चुनाव में महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के लिए मशरक प्रखंड के 6700 नए मतदाता पहली बार मत देंगे ।महाराजगंज संसदीय क्षेत्र का यह प्रखंड चार जिला छपरा, सिवान , गोपालगंज एवम मुजफ्फरपुर के सीमा पर अवस्थित है। प्रखंड के कुल 147 मतदान केंद्र पर लगभग सात हजार से अधिक नए मतदाता अप्रैल के अंत तक होना का अनुमान है । क्योंकि अभी भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रकिया जारी है । बनियापुर विधानसभा अंतर्गत आने वाले इस प्रखंड में मशरक नगर पंचायत को छोड़ कुल 15 पंचायत में कुल डेढ़ लाख से अधिक मतदाता है। चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य में मशरक में अभी तक 6700 नए मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ा है । जिसमे पुरुष 4000 एवम महिला 2700 है। सभी पंचायत में वैसे लोग जो मतदाता सूची में अभी तक अपना नाम दर्ज नहीं करा सके है उनका नाम जोड़ने को लेकर सेक्टर पदाधिकारी के देखरेख में बीएलओ लगे हुए है ।

### जिला में रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए उपायुक्त ने सभी को धन्यवाद दिए

लोक तंत्र की आवाज़

साहेबगंज। जिला में रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारा के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के पदाधिकारियों, कर्मियों, पुलिस बल के जवान,प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, जिला नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारी एवं कर्मीगण, मीडिया कर्मियों एवं जिलावासियों का आभार एवं धन्यवाद –– उपायुक्त। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के दौरान जिला में रामनवमी पर्व, जुलूस एवं विसर्जन जुलूस आपसी सौहार्द ,अनुशासन पूर्वक, शांतिपूर्ण, भाईचारा के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह– उपायुक्त ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों, कर्मियों, पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों, मेले में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, जिला नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारी एवं कर्मियों,मीडिया कर्मियों एवं जिला वासियों को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किए।

### मारपीट की घटनाओं में सात लोग घायल

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि घायलों में रामपुर विन्दालाल गांव की कलपति देवी, प्रमोद कुमार राम, योगिया गांव के धनन्जय कुमार सिंह, विजय बहादुर सिंह, राजीव सिंह समेत सात लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के समर्थकों ने कोर्ट के फैसले को कहा, यह गलत हुआ

**महाराजगंज लोकसभा चुनाव को लेकर हुआ चर्चा, आगामी 25 अप्रैल को बैठक के बाद होगा निर्णय**

लोकतंत्र की आवाज




**मशरक (सारण)।** पूर्व के केस में मशरक विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को दोषी करार देते हुए एमपी – एमएलए कोर्ट ने दोषी ठहराया है। इस केस का फैसला 29 अप्रैल को सुनाया जाएगा। फिलहाल पूर्व विधायक विधायक छपरा कारावास में है। आज मशरक चरिहारा अवस्थित पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के समर्थकों ने एक बैठक आयोजित किया। बैठक का नेतृत्व पूर्व प्राचार्य सुरेंद्रनाथ सिंह, जय बिहार फाउंडेशन के संस्थापक संजय कुमार सिंह, पटना उच्च विद्यालय अधिवक्ता राधेश शर्मा, एवं महेश्वर सिंह ने किया। इस बैठक में महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा से समर्थक पहुंचे हुए थे। इस बैठक में उपस्थित समर्थकों के द्वारा कोर्ट के फैसले को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया।

कुछ लोगों ने तो यह भी कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र के द्वारा पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को सजा दिलवाया गया है। आपको बताते चलें कि महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह प्रबल दावेदार थे, एक से दो दिनों में कांग्रेस पार्टी के द्वारा घोषणा भी होने वाला था। तब तक 19 अप्रैल को पूर्व के केस में उन्हें दोषी करार देते हुए पुलिस कस्टडी में ले लिया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर समर्थकों ने बताया कि पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह की पत्नी श्रीमती शोभा सिंह दिल्ली पहुंच गई है। कांग्रेस पार्टी के अलाकमान से महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस पार्टी के टिकट के लिए प्रयास किया जा रहा है।

देखना होगा कि क्या पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह की पत्नी शोभा सिंह को कांग्रेस पार्टी अपना उम्मीदवार बनाती है कि नहीं, अगर कांग्रेस पार्टी महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से श्रीमती शोभा सिंह को अपना उम्मीदवार बनाती है तो 25 अप्रैल को पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के चरिहारा आवास पर महाराजगंज लोकसभा के समर्थकों के साथ एक वृहद बैठक कर आयोजित कर आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह, संजय कुमार सिंह, अधिवक्ता राधेश शर्मा, महेश्वर सिंह, हरेंद्र राय, मुखिया प्रतिनिधि, चंद्रशेखर सिंह, पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, पप्पू सिंह,डॉ बलिराम प्रसाद, वीरा प्रसाद, जमादार राय, विवेक नाथ तिवारी, राज किशोर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के जेल जाने के बाद पत्नी शोभा देवी महाराजगंज लोस से लड़ेंगी चुनाव



लोकतंत्र की आवाज

**मशरक (सारण)।** मशरक से तीन बार विधायक रहें चरिहारा गांव निवासी तारकेश्वर सिंह के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी महाराजगंज लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी। इसी को लेकर शनिवार को चरिहारा गांव में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। मौके पर जय बिहार फाउंडेशन के संजय कुमार सिंह, प्रोफेसर सुरेंद्र नाथ सिंह, महेश्वर सिंह,विवेक तिवारी, पूर्व मुखिया रणवीर राज, पप्पू सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, जितेन्द्र सिंह उर्फ मोबाइल, तारकेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया बृजकिशोर सिंह, डॉ बलिराम सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

मौके पर संजय कुमार सिंह ने बताया कि कांग्रेस पार्टी से यदि पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह की पत्नी को टिकट मिलता है तो वे महाराजगंज लोकसभा से चुनाव लड़ेंगी। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विरोधी ने पूर्व विधायक को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जेल भेजवाने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह ने जो लड़ाई छेड़ी है उसे कार्यकर्ताओं के द्वारा लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी शोभा देवी महाराजगंज लोकसभा से चुनाव लड़ेंगी इसके लिए वे दिल्ली में जमी हुई है। वहीं महेश्वर सिंह ने बताया कि शोभा देवी को कांग्रेस टिकट देती है तो वे चुनाव लड़ेंगी वहीं 25 अप्रैल को चरिहारा गांव में कार्यकर्ताओं बैठक आयोजित की जाएंगी। आपकों बता दें कि पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की गांव निवासी व्यापारी के अपहरण और हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए और जेल भेज दिए गए हैं। वहीं मामले में 29 अप्रैल को सजा की सुनवाई की जाएंगी।

## खाटू श्याम भजन संध्या एवं उत्सव का हुआ खाटू श्याम गीतों पर जमकर झूमे

लोकतंत्र की आवाज

**मिर्जाचौकी।** थाना क्षेत्र के मिर्जाचौकी हाट प्रांगण दुर्गा मंदिर बाजार में खाटू श्याम दरबार का भक्ति आयोजन बड़े ही भक्ति भाव गीत संगीत कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ। खाटू श्याम जी का शुभारंभ मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार शुभ हाथों से फीता काट कर किया गया।वहीं भव्य खांटू श्याम नरेश का कार्यक्रम बेहद ही आकर्षक प्रतिमा का पूजा आरती कराकर किया गया साथ ही रात्रि भर उत्तर प्रदेश से आई अंजली दुबेदी भव्य भक्ति रंगारंग कार्यक्रम किया जारहा है जहां हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए इस दौरान श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति भल्टू चौधरी द्वारा बताया गया इस भजन संध्या के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के साथ युवाओं में भगवान की आस्था व भारतीय संस्कृति को अपने संस्कारों में लाना है। इसके साथ ही बाबा श्री खाटू श्याम के नाम की घर–घर अलख जगाना।

**एक शाम खाटू श्याम एक झलक:** रात बाबा आज थाने आनो हैङ्क, आयो सांवरियो सरकार, लीले पे चढ़ केङ्क, मुछा की मरोड़, ऐसो रोब है निरालोङ्क, सांवरिया सेठ दे देङ्क, बाबा श्याम के दरबार मची रे होलीङ्क, दुनिया में देव हजारों हैं बजरंगबली तेरा क्या कहनाङ्क तेरी मोर छड़ी के आगे, झुक गए बड़े–बड़े सरकारङ्क., दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे सेङ्क,

**खाटू श्याम भक्ति में उमड़ी भीड़ :** वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से खांटु श्याम के भक्त भल्लटू चौधरी मुकेश जयसवाल चंदन वर्णवाल बालेश्वर भगत राजीव जयसवाल वीरेंद्र साह महिलाएं अन्य सभी सैंकड़ों भक्त शामिल हुए।

## बाइक एवं ऑटो के आमने-सामने की भिड़ंत में तीन जख्मी किया रेफर पंचायत समिति नासिर ने पुलिस के मदद से घायलों को भेजा अस्पताल

लोक तंत्र की आवाज



**बरहरवा।** बुधवार की रात करीब 8:00 बजे के आसपास बरहरवा थाना क्षेत्र में राहुल चिमनी ईट भट्ठा के पास ऑटो एवं बाइक के साथ आमने–सामने हुई टक्कर में एक बच्चा समेत तीन व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया है।तीनों घायल व्यक्ति को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर कर दिया गया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सवारी से लदे ऑटो बरहरवा थाना क्षेत्र की ओर जा रहा था जब की बाइक सवार राधानगर की ओर अपने घर जा रहा था दोनों विपरीत दिशा में चल रहा था।इसी क्रम में रात के अंधेरा होने के कारण दोनों आपस में टकरा गया।

इस घटना में ऑटो में सवार संतोष राय नाम का एक पैसेंजर तथा ऑटो चालक मुख्तार शेख गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक के सामने बैठा हुआ आनंद प्रमाणिक उम्र 7 वर्ष पिता ,पोलस प्रमाणिक ग्राम राधानगर को पैर में गंभीर चोटे आई हैं।जिसे उपचार के लिए भागलपुर ले जाया गया है।बताया जाता है कि आटो चालक मुख्तार शेख पिता अब्दुल सत्तार शेख साकिन राजनगर थाना कैलीयाचक मालदा जिला (पश्चिम बंगाल )का रहने वाला है जबकि संतोष राय पिता बैद्यनाथ राय भी मालदा जिला के बलियाडंगा गांव का रहने वाला है।स्थानीय लोगों ने बताया कि जब यह दुर्घटना घटित हुई तो उसे समय वहां पर कोई नहीं था

इसकी सूचना ग्रामीणों ने कालू पंचायत के पंचायत समिति सदस्य नासीरुद्दीन शेख नासिर को दिया। सूचना पाकर नासिर ने स्थानीय ग्रामीणों को साथ लेकर सभी घायलों को बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां से उसे उपचार करा कर अपने–अपने घर भेज दिया घटना की सूचना बरहरवा थाना को दे दी गई है, तथा दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ऑटो को पंचायत समिति सदस्य नासिर शेख के घर पर सिरसिन में जमा कर दिया गया है सूचना पाकर बरहरवा थाना के एसआई सुदामा सिंह सहित अन्य पुलिस जवान मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एकमा में रामाधार सिंह की 28वी पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनी

लोकतंत्र की आवाज



**एकमा (सारण)।** शनिवार को रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज, एकमा के सभागार में समाजसेवी स्मृति शेष रामाधार सिंह की 28वीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह द्वारा स्वर्गीय रामाधार सिंह के अलावा उनकी धर्मपत्नी स्व यशोदा देवी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।

इस अवसर पर ई जयप्रकाश सिंह के अलावा सभी छात्र अध्यापक, छात्र अध्यापिकाएं व शिक्षक गणों ने स्व रामाधार सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके चित्र पर शारदा सुमन अर्पित किया गया । पुण्यतिथि समारोह में डॉ अमित सिंह, राहुल कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, हरिशंकर सिंह, प्रवीण कुमार यादव, मनोज कुमार पांडेय, प्रमोद कुमार, प्रशिक्षु नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, आराध्या कुमारी, निहु कुमार, अंकुर कुमार आदि अन्य लोग शामिल हुए।

### विभिन्न स्थानों से तीन अवैध शराब के धंधेबाज गिरफ्तार, 36 लीटर देशी शराब बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एकमा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने इस दौरान झाड़ी से 36 लीटर देशी शराब बरामद किया है। बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक डॉ .गौरव मंगला के आदेश पर थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार के नेतृत्व में पुलिस अवर निरीक्षक उमाचन्द शर्मा ने सशस्त्र पुलिस बल के सहयोग से शोभन छपरा व जामनी अमनौर गांव में छापेमारी कर क्रमशः 6 लीटर व 30 लीटर देशी शराब बरामद किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब के धंधेबाज शोभन छपरा गांव निवासी अंशु कुमार उर्फ नीरज व जामनी अमनौर गांव के निवासी रामेश्वर मांझी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस दौरान शराब मामले के फरार आरोपित गंजपर गांव के निवासी रंजय चौधरी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया।

## मशरक के पचखंडा में बनेगा 400 केवीए का उच्च कोटि का पावर ग्रिड

लोकतंत्र की आवाज



**मशरक (सारण)।** मशरक के पचखंडा गांव के चवर में 400 केवीए का उच्च कोटि का पावर ग्रिड बनेगा ? इसको लेकर शनिवार को पचखंडा काली स्थान परिसर में सीओ सुमंत कुमार और ट्रांसमिशन जेई अमित कुमार की मौजूदगी में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गयी जिसमें जिस जमीन पर पावर ग्रिड बनाना है उक्त जमीनों के भूमी मालिक मौजूद रहें।

सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि मशरक के पचखंडा गांव में 30 एकड़ की जमीन पर बिजली आपूर्ति का हब बनेगा।? उसी में जमीन अधिग्रहण के लिए किसानों से बातचीत की जा रही है। वैसे सभी किसानों को सहमति फार्म दिया गया जो भरकर अंचल कार्यालय में जमा करना हैं।ट्रांसमिशन जेई अमित कुमार ने बताया कि यह अति महत्वाकांक्षी योजना सारण ही नहीं सीवान, गोपालगंज,पटना समेत अन्य इलाकों को आपूर्ति कर मजबूती प्रदान करेगा। वही गुणवतापूर्ण बिजली के क्षेत्र में सारण अव्वल होगा। 400 केबीए का नये और उच्च कोटि का पावर ग्रिड का निर्माण होगा। नये पावर ग्रिड स्थापित करने को लेकर 30 एकड़ की जमीन का चयन पचखंडा गांव के चवर के इलाके की भूमी का चयन किया गया है।

## लू की चपेट में आए लोगों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पूरीः डीपीएम

लोकतंत्र की आवाज




**छपरा (ई के के सिंह सेंगर)।** जिले में लू का प्रकोप शुरू हो गया है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अपनी ओर से पूरी तरह से अलर्ट मोड में है, लेकिन लू से बचाव के लिए लोगों को अपने स्तर पर भी उचित प्रबंध करना होगा। ताकि वह स्वयं के साथ– साथ अपने परिवार के सदस्यों खास कर बच्चें और बुजुर्गो को लू की चपेट में आने से बचाव कर उसकी हिफाजत किया जा सके। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति की लू की चपेट में आ जाता है, तो समय रहते इसका उपचार कराना आवश्यक होता है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो आपकी सेहत को गंभीर नुकसान हो सकता हैं। हालांकि गर्मियों में कुछ जरुरी बातों को ध्यान में रखते हुए लू से बचा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर लू की चपेट में आए लोगों के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के साथ– साथ अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर और मढ़ौरा सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेड सुरक्षित कर लिया गया है। क्योंकि आपात कालीन स्थिति में इसका उपयोग आसानी से किया जा सके।

**लू लगने के बाद समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हो सकती है गंभीर समस्या-डॉ सिंह :** प्रभारी सिविल सर्जन डॉ चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि जब कोई लू के बीच बाहर निकलता है, तो गर्म हवाओं के कारण शरीर से पानी का ह्रास होने लगता है। जिस कारण शरीर में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। क्योंकि पानी के साथ– साथ शरीर से कई प्रकार की आवश्यक पोषक तत्व भी बाहर निकल जाते हैं। जिस वजह से शरीर का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। हालांकि बढ़ती गर्मी को कंट्रोल करने शरीर को काफी मुश्किल हो जाता है। लू की चपेट में आने पर सबसे पहले लोगों में बुखार की समस्या देखने को मिलती है, उसके बाद धीरे– धीरे व्यक्ति की समस्याएं बढ़ने लगती हैं। जिस कारण गंभीर सिरदर्द, उल्टी और दस्त सहित कई अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सबसे अहम बात यह है कि लू लगने के बाद समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह गंभीर रूप ले सकता है। इसकी वजह से हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी रोग, फेफड़ों से जुड़ी समस्या अगर किसी व्यक्ति को पहले से है, तो उनकी स्थिति बदतर हो सकती है। इसलिए लू लगने के बाद मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए। जिससे उसकी जान बचाई जा सके।

**अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस किया गया रिकार्ड- मौसम विभाग :** मौसम विभाग के अनुसार सुबह के 7 से ही हिट वेब शुरू हो गया था। जिसमें 7 बजे 30, 8 बजे 33, 9 बजे 36, 10 बजे 39, 11 बजे 41 तो 12 बजे दोपहर में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा है, जबकि पछुवा हवा की बात करें तो सुबह के 7 बजे 14, 8 और 9 बजे 16, तो 10 बजे 21, वही 11 बजे 26 तो 12 बजे दोपहर में 29 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल रहा था। लेकिन 12 बजे दोपहर के बाद 34 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पछुवा हवा लोगो के चेहरे को जलाने के काफी था। हालांकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तो अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

**लू लगने के मुख्य लक्षण:** बहुत अधिक पसीना आना, हार्ट बीट बहुत धीमी या तेज होना, उल्टी और मतली की समस्या उत्पन्न होना, मांसपेशियों में ऐंठन महसूस होना, शारीरिक रूप से कमजोरी का एहसास होना, गंभीर सिरदर्द, बहुत थकान, चक्कर आना और ठंडी त्वचा का होना इसके मुख्य लक्षण हो सकते है।

**गर्मियों में लू की चपेट में आने से बचाव करना बेहद जरूरी**

- कोशिश करें कि गर्मियों में पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन अत्यधिक मात्रा करना चाहिए।
- बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें।
- दिन के समय धूप और गर्म मौसम के बीच अधिक समय तक व्यतीत करने से बचना जरूरी।
- गर्म मौसम में हल्का या ढीला ढाला कपड़े पहनना चाहिए।
- धूप में जाते समय छाता या टोपी पहन कर ही निकला चाहिए।
- अनिवार्य रूप से कमरे का तापमान हल्का ठंडा होना चाहिए।

- **लू लगने के बाद समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो हो सकती है गंभीर समस्याः प्रभारी सिविल सर्जन**
- **अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस किया गया रिकार्डः मौसम विभाग**

## संक्षिप्त खबरें ।

### स्वाप कोषांग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** लोक सभा आम निर्वाचनः 2024 मतदान तिथि को अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप कोषांग द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत शुक्रवार को कहरा प्रखंड से संबंधित पंचायतों यथाः सुलिंदाबाद, दिवारी, बरियाही एवं सीरादेपती में जीविका के सौजन्य से बृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजन क्रम में रैली, रंगोली के माध्यम से एवम क्षेत्र भ्रमण कर मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की गई है। इसी प्रकार जिलांतर्गत नौहट्टा पश्चिमी नगर पंचायत में जीविका दीदी द्वारा कैंडल मार्च के माध्यम से क्षेत्र से संबंधित मतदाताओं से 7 मई को मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की गई है। जिलांतर्गत अन्य क्षेत्रों में भी जीं विका के सौजन्य से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम मतदात–ओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### बरना टोला के अग्नि पीड़ित परिवार चेक लौटाने प्रखंड मुख्यालय पहुंचे

लोकतंत्र की आवाज

**सोनवर्षा राज, सहरसा संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विराटपुर पंचायत के गाजीपैता गांव स्थित भरना टोला के अग्निपीड़ितों को घटना के 12 वें दिन अर्थात गुरूवार को अंचल प्रशासन ने भरना टोला पहुंच आपदा विभाग द्वारा करीब 12 हजार का एकाउंट पेयी चेक सौंप दिया गया। लेकिन सभी पिड़ति परिवारों का पासबूक जल जाने की वजह से चेक उनके किसी काम का नहीं रहा। ऐसे में बीतें 13 दिनों से अभाव में जिदगी गुजार रहे पीड़ति परिवार अपने अपने चेक लेकर गुरूवार को 40 रुपए खर्च कर पूनः अंचल मूख्यालय पहुंचे। हांलाकि घंटो बाद उनके एकाउंट चेक को बदलकर बेयरर चेक दे दिया गया। ऐसे में अंचल प्रशासन को भी ये समझना चाहिए था कि पिड़ति के पास जब तन का कपड़ा छोड़कर कूछ नहीं बचा तो ऐसे में वो एकाउंट पेयी चेक का क्या करेगें। खैर पिड़ति को आखिरकार 13 दिन बाद कुछ तो राहत मिली। जाहिर है अंचल प्रशासन का भरना टोला जाकर चेक देने की कवायद भी व्यर्थ साबित हो गई।

### किशनगंज में पुआल के ढेर में आग से अफरातफरी



लोकतंत्र की आवाज

**दिघलबैंक, किशनगंज।** किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड के धनतोला पंचायत के मोहामारी मुखियाटोला गांव में शनिवार को एक पुआल के ढेर में अचानक से आग लग गया। जिससे गांव में अफरातफरी का माहौल हो गया। शनिवार की सुबह लापरवाही से फेंके गये राख जब दोपहर तक सुलगी तो अचानक से गांव के मोजिबुर रहमान के घर से सटे पुआल के ढेर में आग लग गई। लेकिन दिन का समय रहने के कारण लोगों की नजर तुरंत ही आग पर पड़ गई और लोग बीच बचाव के लिए शोर मचाने लगे। इसी बीच सूचना मिलते ही एसएसबी कैम्प मोहामारी और दिघलबैंक थाना के फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर करीब एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस प्रकार से सूखे मौसम में और घनी आबादी के बीच पुआल के ढेर में आग लगी थी वैसे में अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी।

# सूरत बदली, सड़क बदला लेकिन नहीं बदला है अनुदानित शिक्षक व कर्मियों की बदहाली:डा. माधवेंद्र झा

लोक तंत्र की आवाज़



**पुरैनी।** बिहार प्रदेश अनुदानित डिग्री महाविद्यालय महासंघ के प्रदेश प्रधान महासचिव डा. माधवेन्द्र झा ने कहा कि बिहार प्रदेश में वर्षों से स्थापित, क्रियाशील एवम उच्च शिक्षा का केंद्र अनुदानित डिग्री महाविद्यालय के भरोसे उच्च शिक्षा का दीपक जल रहा है। वर्षों बाद मधेपुरा की धरती पर ही बिहार के मुख्यमंत्री ने इसे अपने आगामी काल में सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया था लेकिन अभी भी 9वर्षों का अनुदान जो मात्र छात्र उत्तीर्णता के आधार पर गणना कर स्वीकृति उपरांत विमुक्त किया जाता है, लंबित है। वर्तमान सरकार ने अनुदान विमुक्ति हेतू कई अभिनव प्रयोग ऑनलाइन मोड में करने का आदेश जारी किया जो इतना पेंचीदा निकला कि सरकार और विश्वविद्यालय के सत्यापन के क्रम में पोर्टल पर धूल फांक रहा है। विश्वविद्यालयों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तथा शिक्षा विभाग का सौतेला व्यवहार शिक्षक एवं कर्मचारियों के माली हालत को खस्ता कर गया। शिक्षा विभाग के गणना में आज भी अनुदानित श्रेणी के महाविद्यालय ही सभी आधारभूत संरचना की प्रतिपूर्ति कर रहा है फिर भी यह दशा क्यों.. यह एक यक्ष प्रश्न है?

विदित है कि एक अनुदानित डिग्री महाविद्यालय शिक्षण, प्रशिक्षण, प्रयोगशाला पुस्तकालय, ऑफिस मैनेजमेंट, आधारभूत संरचना में लाखों रुपए प्रति माह खर्च होते हैं, जिसपर सरकार का एक छद्म भी व्यय नही होता है। इसकी प्रतिपूर्ति संस्थानों के शासी निकाय के लिए चुनौती बना रहता है। इसके बावजूद नेक से मान्यता भी गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के फलस्वरुप सर्वाधिक अनुदानित डिग्री महाविद्यालय की है। सरकार के साधारण प्रयास से नेक एक्रीडिएट कालेज को वेतन मद में अंशदान विश्विद्यालय अनुदान आयोग से मिल सकती है। वर्तमान अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के कार्यकाल में भी मुख्यमंत्री की अनुशंसा ढाक के तीन पात निकले।

किसी भी प्रदेश के विकास का आइना वहां की शिक्षण व्यवस्था होती है। वैसे बिहार के मुख्यमंत्री का प्रयास सराहनीय रहा है लेकिन यह एतिहासिक हो सकता है यदि सभी अनुदानित डिग्री कॉलेज के 9वर्षों का एकमुस्त भुगतान कर सभी शिक्षक एवम कर्मचारियों का नियत भुगतान सुनिश्चित किया जाय। वेतन भुगतान की प्रक्रिया एक नियमित कार्यक्रम है जो आदर्श आचार संहिता की श्रेणी में नही माना जाता है। डा माधवेंद्र ने आशा व्यक्त किया है कि शीघ्र शिक्षा विभाग और बिहार सरकार लंबित वेतन भुगतान की दिशा में सकारात्मक प्रयास करेगी।

## गर्मी में यात्री सुविधा को लेकर रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन



लोकतंत्र की अवाज

**कटिहार।** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया कि गर्मियों के दौरान यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने और यात्रा की मांग में अपेक्षित वृद्धि को प्रबंधित करने के लिए, भारतीय रेल गर्मियों के मौसम के दौरान रिकॉर्ड 9111 फेरों का संचालन कर रही है। जिसमें पूर्वोत्तर सीमांत रेल में संचालित हो रही है 88 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन शामिल है। उन्होंने बताया कि 2023 की गर्मियों की तुलना में यह पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जहां कुल 6369 फेरों की पेशकश की गई थी। यह 2742 ट्रिपों की वृद्धि हुई है, जो यात्रियों की मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

सीपीआरओ ने बताया कि इस गर्मी के मौसम के दौरान, पूसी रेलवे द्वारा यात्रियों को सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों के 88 फेरों का संचालन होगा। उन्होंने बताया कि प्रमुख रेल मार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई है। गर्मियों के मौसम में समस्त जोनल रेल द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों से यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के क्षेत्राधिकार के अधीन असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल तथा बिहार के कुछ हिस्सों से पूरे भारत में फैले प्रमुख गंतव्यों के लिए समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

सीपीआरओ ने बताया कि अतिरिक्त ट्रेनों की योजना बनाना और संचालित करना एक सतत प्रक्रिया है, जिसके लिए किसी मार्ग विशेष पर चलने वाली रेलगाड़ियों की मांग का आकलन करने के लिए पीआरएस प्रणाली में प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों के विवरण के अलावा मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, रेलवे इंटीग्रेटेड हेल्पलाइन नंबर 139 जैसे सभी संचार चैनलों से 2477 इनपुट लिए जाते हैं।

### जिलें के विभिन्न चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान सात लाख नब्बे हजार रुपए बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी सीमाओ पर चेकपोस्ट बनाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव को शांतिपूर्ण स्वच्छ निर्भीक एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने को लेकर नकदी रुपए पर नजर रखी जा रही है। उसी कड़ी में सलखुआ अंचल अंतर्गत खोचरदेवा एसएसटी चेकपोस्ट पर एक लाख सतर हजार रुपए की राशि जब्त की गई है। व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इससे पूर्व कार्यशील विभिन्न चेकपोस्ट से क्रमशः पांच लाख एवं दो लाख नब्बे हजार पांच सौ रुपए की राशि जब्त की जा चुकी है। लोक सभा आम निर्वाचन: 2024 निमित क्रमश: 12 चेकपोस्ट, 12 एफएसटी, 12 भीएसटी, 04 अकाउंटिंग टीम कार्यरत है। कार्यशील 12 चेकपोस्ट में 36 पदाधिकारी एवं एफएसटी भीएसटी दोनो मे क्रमश: बारह बारह पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## चुनाव कार्य में लगाये जाने वाले कर्मियों सहित आवश्यक सेवा श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं को मतदान की सुविधा हेतु की गई है डाक मतपत्र की व्यवस्था

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 60 के तहत लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर चुनाव के दिन चुनाव कार्य में लगाये जाने वाले कर्मियों सहित चालक/खलासी/क्लीनर तथा पुलिस कर्मियों के अतिरिक्त आवश्यक सेवा श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं को मतदान की सुविधा हेतु डाक मतपत्र की व्यवस्था की गई है।

मतपत्र–सह डाक मतपत्र एवं ई0टी0प0बी0एस0 कोषांग, अररिया द्वारा दिनांक 21.03.2024 से चल रहे प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में चुनाव कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों को फार्म 12 का वितरण करते हुए डाक मतपत्र उपलब्ध कराने हेतु उनसे आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आवश्यक सेवा श्रेणी से संबंधित अनुपस्थित मतदाता के लिए उनसे संबंधित विभाग को मतदाता से आवेदन प्राप्त करने हेतु प्रारूप 12 'घ' उपलब्ध कराया गया है। सभी आवेदको को द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान ससमय डाक मतपत्र उपलब्ध कराने एवं मतदान की व्यवस्था के लिए जिला स्तर पर चिन्हित प्रशिक्षण स्थल अररिया पब्लिक स्कूल, अररिया में प्रत्येक छः विधानसभा के लिए छः काउन्टर स्थापित किया गया है एवं तृतीय चरण से सम्बन्धित अन्य जिला के मतदाता के लिए एक अतिरिक्त काउन्टर की व्यवस्था की गई है।




विषेष सचिव–सह–अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार पटना के पत्रांक 1933 दिनांक 29.03.2024 के निदेशानुसार जिला पदाधिकारी, अररिया द्वारा आदेश जारी कर फेसिलिटेशन सेन्टर हेतु श्रीमती सोनी कुमारी, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, अररिया को नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए तथा इनके सहयोग हेतु श्री अमर कुमार राय, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, फारबिसगंज को प्रतिनियुक्त किया गया है। साथ ही फेसिलिटेशन सेन्टर पर पदाधिकारी एवं कर्मियों का दल प्रतिनियुक्त किया गया है। पोलिंग कर्मियों के लिए अररिया जिलान्तर्गत 06 विधानसभा हेतु एक–एक अलग–अलग काउन्टर तथा अन्य जिला हेतु अतिरिक्त एक मतदान काउन्टर बनाया गया है। इस प्रकार कुल 07 काउन्टर बनाये गये हैं। अररिया जिलान्तर्गत प्रत्येक विधानसभा वार निर्वाचन क्षेत्र हेतु दिनांक 27.04.2024 से 30.04.2024, समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पोलिंग कर्मियों का मतदान कराया जायेगा। वहीं अन्य तृतीय चरण से सम्बन्धित अन्य जिला के पदस्थापित कर्मियों का दिनांक 30.04.2024 से 01.05.2024, समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पोलिंग कर्मियों का मतदान कराया जायेगा। उक्त चिन्हित फेसिलिटेशन सेन्टर पर काउन्टर के प्रभारी पदाधिकारी को आयोग के निदेशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया गया है।

## पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा ने वोटरों से किया मतदान करने की अपील

लोक तंत्र की आवाज



**पूर्णियां।** सामाजिक सरोकारों को बखूबी निभाते आ रहे बिहार के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील और सक्रिय रहने वाले पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा उत्सव हो या आपातकाल सदा लोगों के साथ रहते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी संजीव मिश्रा ने वोटरों से मतदान करने की अपील की। पहले चरण के लोकसभा चुनाव में हुए कम वोटिंग पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।

श्री मिश्रा ने कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान अवश्य करने की अपील की है। श्री मिश्रा ने मतदाताओं से हितों को ना देखते हुए एक अच्छे ईमानदार और अपने क्षेत्र के विकास करने वाले उम्मीदवार को ही वोट देने का आग्रह किया है। बोले, युवा पीढ़ी को खासकर आगे आकर अपने अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान ही हैं। मतदान करना बहुत जरूरी है। कई लोग यह सोचकर वोट डालने से गुरेज कर जाते हैं कि हमें चुनाव से क्या लेना देना है। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मतदान में हमें पूरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए। सौ प्रतिशत मतदान होना चाहिए। हर वोटर का एक–एक वोट काफी अहमियत रखता है। इसलिए भूलना नहीं है और पूरे दिन में कभी भी समय निकालकर मतदान करने के लिए जरूर जाएं। अगर हम अपने मत का प्रयोग ईमानदारी और निडरता के साथ करेंगे, तो ही लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रख सकते हैं।

## किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा बीते 15 मार्च से शुरू गेहूं अधिप्राप्ति 15 जून तकः शिवशंकर प्रसाद

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** जिला सहकार भवन में शुक्रवार को जिला सहकारिता पदा–धिकारी शिवशंकर प्रसाद ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मिडियाक्र- मियों को गेंहू अधिप्राप्ति को लेकर विस्तृत जानकारी दी। श्री प्रसाद ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए 15 मार्च से गेहूं अधिप्राप्ति का कार्य शुरू है जो 15 जून तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस बार जिले के लिए 6852 एमटी गेहूं अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने क्षेत्र के गेहूं उत्पादक किसानों से अपील करते कहा कि वे अपनी उपज को सहकारी समि– ति में स्वेच्छा से बेचकर योगदान जरूर दें।

किसान भाइयों से अपील करते कहा कि सहकारी समिति किसानों के मदद के लिए तत्पर है एवं किसानों द्वारा दिए गए गेंहू का भुगतान 48 घंटे के अंदर ऑनला–इन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि अब तक मात्र 27 क्विंटल गेहूं की अधिप्राप्ति हो पाई है। जिसमें बनगांव दक्षिणी पैक्स द्वारा 22 क्विंटल एवं नरियार पैक्स द्वारा पांच क्विंटल गेहूं की मात्र अधिप्राप्ति हो पाई है। जिसे कतई संतोषजनक नहीं माना जा सक ता। उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव के निदेर्शानुसार गेहूं अधिप्राप्ति में तेजी लाने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रचार प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाने की कोशिश विभाग द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि गेहूं अधिप्राप्ति के लिए जिले के 115 पैक्स एवं व्यापार मंडल चयनित किये गए हैं।



प्रत्येक को एक एक लॉट का सीसी उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक लॉट में 29 एमटी कुल 290 क्विंटल गेहूं होते हैं। पैक्स को एक लॉट के लिए सात लाख रुपए का सीसी दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पैक्स एवं व्यापार मंडल को वित्तीय वर्ष 2024–25 में दो लॉट का लक्ष्य दिया गया है। विकेंद्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था के तहत रबी विपणन मौसम 2024–25 में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा बीते 15 मार्च से शुरू गेहूं अधिप्राप्ति 15 जून तक होगा।

## मनीष शर्मा ने यूपीएससी 2023 में 307 वां रैंक लाकर न सिर्फ मारवाड़ी समाज का बल्कि पूरे फारबिसगंज का नाम किया है रौशन

लोकतंत्र की आवाज



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज शहर के आयुर्वेदिक दवा व्यवसायी अविनाश शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र मनीष शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 यूपीएससी में 307 वां रैंक लाकर न सिर्फ मारवाड़ी समाज का बल्कि पूरे शहर का नाम रौशन किया है।

उनकी माता सुमन शर्मा ने प्रफुल्लित होते हुए बताया कि मनीष बचपन से ही काफी मेधावी छात्र रहा है और पढ़ाई में उसकी गहरी अभिरुचि रही थी तथा किसी ऊंचे पद पर जाकर राष्ट्र की सेवा करने का उसने सपना संजोए रखा था। मनीष ने दसवीं तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल तिलैया से तथा 12वीं की पढ़ाई राजस्थान के कोटा से किया जबकि आईटीआई गुवाहाटी से कंप्यूटर इंजीनियर की डिग्री हासिल करने के बाद हैदराबाद की कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में अपनी सेवाएं दे रहे थे और इसके बाद वहां से यूपीएससी की तैयारी को लेकर उसने इस प्रतिष्ठित नौकरी से त्यागपत्र दे दिया था। मनीष अपनी सफलता का श्रेय अपने मम्मी पापा, अपने ताऊ शशि भूषण शर्मा को तथा बुजुर्गों के आशीर्वाद को देते हैं। अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, फारबिसगंज विधायक मंचन केसरी, फारबिसगंज नगर परिषद की मुख्य पार्षद बीना देवी, पैनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा, भाजपा के युवा नेता रंजीत यादव,बिहार प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नगर अध्यक्ष बच्छराज राखेचा, फारबिसगंज केमिस्टस एंड ड्रगिस्टस एसोसिएशन के संरक्षक विनोद सरावगी, अध्यक्ष अवधेश कुमार साह सचिव मनोज कुमार भारती, दधिचि देहदान समिति के जिला अध्यक्ष अजातशत्रु अग्रवाल, सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा एवं सचिव पूनम पांडीया, अग्रवाल महासभा के संरक्षक राजकुमार अग्रवाल अध्यक्ष अरविंद गोयल, सचिव पवन अग्रवाल जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष निर्मल मरोठी, दादाबाड़ी के अध्यक्ष मूलचंद गोलछा, साधु मार्गी जैन समाज के अध्यक्ष निर्मल सेठिया, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश राठी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गौरव लुणीया, मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल आदि ने बधाई दी है।

## संवीक्षा के बाद कुल 29 नामांकित अभ्यर्थियों में से 09 उम्मीदवारों का नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत

लोकतंत्र की आवाज

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र संख्या 09 का तृतीय चरण में मतदान की तिथि 07 मई 2024 को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 12 अप्रैल 2024 से दिनांक 19 अप्रैल 2024 तक नाम निर्देशन/ नामांकन की अंतिम तिथि निर्धारित थी। जिसके उपरांत आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई।

संवीक्षा के बाद कुल 29 नामांकित अभ्यर्थियों में से 09 अभ्यर्थी क्रमशः (i) राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी में बहुजन समाज पार्टी से श्री गौसुल आजम, भारतीय जनता पार्टी से श्री प्रदीप कुमार सिंह, राष्ट्रीय जनता दल से श्री शाहनवाज, (ii) पंजीकृत राजनैतिक दलों के सदस्य (राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य राजनैतिक दलों के अतिरिक्त) में भारतीय मोनिन फ्रंट से मो0 इस्माइल, द नेशनल रोड मैप पार्टी ऑफ इंडिया से श्री जावेद अख्तर, (iii) अन्य अभ्यर्थी में निर्दलीय श्री अखिलेश कुमार, श्री मुश्ताक आलम, मो0 मोबीनुल हक, श्री शत्रुघ्न प्रसाद सुमन का नाम निर्देशन पत्र स्वीकृत किया गया तथा शेष 20 अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र विभिन्न त्रुटियों के कारण अस्वीकृत किया गया है। विदित हो कि अभ्यार्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि दिनांक 22 अप्रैल 2024 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है।










- 20 अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र विभिन्न त्रुटियों के कारण हुआ अस्वीकृत



## संक्षिप्त खबरें ।

### पांडेडीह में नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र जल्द ही चालू

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ), गिरिडीह झारखंड।** पांडेडीह नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र नगर निगम के पुर्न मूल्यांकन के जाल में उलझ गया है ,आज यह पांडेडीह उप स्वास्थ्य उपकेंद्र लगभग 8 –10 महीनो से अपने फीता कटने की प्रतीक्षा कर रहा है ,परंतु यह समय भी अलग–अलग करवटें ले रहा है, जबकि यह हरिजन आदिवासी बहुल क्षेत्र है परंतु यहां ध्यान देने योग्य यह बातें है कि पदाधिकारी के हाथ भी बंधे होते हैं या यूं कहें बंध जाते हैं तब जब इन सब अति आवश्यक कामों में भी राजनीति का प्रवेश हो जाता है और पिस जाति है गरीब जनता। वर्तमान सिविल सर्जन श्री शिव प्रसाद मिश्र जिन्होंने कहा कि बस कुछ ही दिनों की बात है बहुत जल्द पांडेडीह उप स्वास्थ्य केंद्र शुरू हो जाएगा बस थोड़ी कुछ आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होनी है उसके बाद यह शुरू हो पाएगा वैसे इस संबंध में अब नगर निगम कार्यालय में श्री आनंद राज या मंजूर सर की प्रतीक्षा है कि वह अब इस संबंध में क्या करते हैं।

### सिहुली गांव में आगलगी में फसल जलकर राख



लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज के सिहुली गांव में शनिवार की दोपहर सलाहुद्दीन खां, सरफराज खां, नौशाद खां, शाहनवाज खां, रहीस खां के सरसों एवं गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटे काफी तेज थी। देखते ही देखते सारा फसल जलकर राख हो गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि लगभग शाट सर्किट से 10 एकड़ की जमीन में लगे सरसों एवं गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते हैं अग्निशमन चालक साहिल आलम, सुजीत कुमार मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

### झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

लोक तंत्र की आवाज

**बिनोद सिंह पलामू, पलामू।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल को मेदनीनगर अनुमण्डल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तकसंचालित की जायेगी.परीक्षा को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है.इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है.इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी.परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा.इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा.इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,वीक्षक,परीक्षार्थी,पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा.यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा.सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मद्देनजर 2024 के परीक्षाओं के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं.इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है.इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

### डोमन बिगहा गांव में जमीन विवाद मारपीट के मामले एक नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र , औरंगाबाद।** जिले के कासमा पुलिस ने जमीन विवाद में मारपीट के मामले में डोमन बिगहा गांव निवासी इंद्रदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि 19 अप्रैल को मनोज यादव के द्वारा जमीनी विवाद में हुयी मारपीट के मामले में इंद्रदेव यादव सहित नौ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया। इंद्रदेव यादव को गिरफ्तार कर जेल में दिया गया ।

### सड़क दुर्घटना में महिला के मौत के बाद मृतिका का के पुत्र ने प्राथमिकी दर्ज किया

लोकतंत्र की आवाज

**सुनील कुमार मिश्र , औरंगाबाद ।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के फदरपुरा गांव के योगेंद्र प्रसाद के पुत्र लवकेश कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया।उल्लेख किया कि 18 की सुबह मेरे पिता योगेंद्र प्रसाद एवं मां चंद्रावती देवी वराही बाजार पैदल जा रहे थे ।इसी बीच बौंर गांव के आरा मशीन के पास विपरीत दिशा से आ रही बाईक इफ26ख7359 के चालक गोपालपुर गांव निवासी रामप्यारे यादव तेज गति से आया और मेरी मां एवं पिता को जोरदार टक्कर मार दिया। मेरी मां को सर में गहरी चोट लगने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही मेरे पिता का अभी भी इलाज चल रहा है। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि बाइक को जप्त कर चालक रामप्यारे यादव को गिरफ्तार किया गया।

# गया सुरक्षित लोस चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न लेकिन जीत को लेकर दोनों दलों के बीच असमंजस

लोकतंत्र की आवाज





**राकेश कुमार मिश्रा (गया)**

**गया (बिहार)।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। यहां राजद और हम(से.) अभी भी जीत को लेकर चिंतित हैं। कोई दावे के साथ नहीं कह रहा है कि हमारी जीत पक्की है। बोधगया विस क्षेत्र में राजद अपनी स्थिति को काफी फायदेमंद बता रहा है। शेरघाटी में बराबर की बात कही जा रही है। बाराचट्टी में हम(से.) को विरोध सहना पड़ा था, तो यहां भी एनडीए के लोग चिंतित हैं। बेलागंज में राजद का प्रभाव देखने को मिला लेकिन हम(से.) भी अपनी स्थिति को राजद के मुकाबले बेहतर होने की चर्चा करते हैं। वजीरगंज में एनडीए महागठबंधन की तुलना में अच्छी स्थिति में बताई जा रही है।

गया टाउन विस क्षेत्र की बात करें तो महागठबंधन(राजद) समर्थक नेता और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की नीति को समझने में चूक कर दी। शहर के मध्य, पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र में उनकी पकड़ बेहतर देखने को मिले। उत्तरी क्षेत्र में राजद की स्थिति सबसे बेहतर देखने को मिले। पश्चिमी भाग में भी राजद के लोग मजबूती से केंद्रों पर डटे रहे। लेकिन बूथ मैनेजमेंट राजद का भाजपा की तुलना में बेहतर नहीं देखने को मिला। कार्यकर्ताओं को उत्साह बढ़ाने के लिए कोई इधर नहीं दिखाई दिए फिर भी जिन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उन्होंने अपने दम खम पर अच्छा वोटिंग करवाए। कई वार्ड में गलत(विपक्षियों) व्यक्ति के हाथों में राजद की जिम्मेदारी दे दी गई जो गलत निर्णय साबित हो सकता है। जिसकी चर्चा राजद समर्थक कर रहे थे। कांग्रेस के कई नेता मतदान के समय में नजर नहीं आए। वाम दलों के नेताओं की भी उतनी रुचि नजर नहीं आई।

चुनाव में कार्यकर्ताओं को नाश्ता चाय पानी तक के लिए तरसते देखा गया। उत्तरी भाग में वोटर पर्ची नहीं मिल पाने के कारण भी कई समर्थक चाह कर भी वोट नहीं कर सके। वही बी एल ओ की भूमिका भी संदिग्ध दिखी उन्होंने अपना कर्तव्य सही ढंग से निर्वहन नहीं किया या कहें जिम्मेवारी पूरीनहीं की नगर निगम वार्ड नंबर 18 केवीएलओ आकाश कुमार पर प्रेम कुमार गली मैकलोडगंज के निवासी श्रीमती रीना देवी दुर्गेश नंदिनी पुष्पा मिश्रा एवं अनेक मतदाताओं ने बी ल ओ पर कई गंभीर आरोप लगाएं एवं बताया की किसी दल विशेष के समर्थन में यह कार्य कर रहे हैं और मतदान के दिन मोबाइल से संपर्क करने पर उन्होंने अपनी पत्नी को फोन थमा दिया और कह दिया कि आकाश आज छुट्टी पर है मोबाइल के जरिये राजद समर्थकों ने मतदान करवाया। शहर के मध्य भाग में भाजपा(एनडीए) समर्थक सड़क पर नजर आ रहे थे लेकिन महागठबंधन के बड़े बड़े लोग(नेताजी) दुबके हुए लग रहे थे।

शहरी क्षेत्र के मतदाताओं ने कड़ी धूप झेलना मुनासिब नहीं समझा। राजद समर्थकों ने उत्तरी भाग में अपने अपने वोटरों को घर से लाने में कोई कसर नहीं छोड़ा। एनडीए गठबंधन के लोग अपने वोटरों से लेकर कार्यकर्ताओं को अच्छी सुविधा दे रहे थे लेकिन महागठबंधन के लोगों में इसकी कमी दिखी। चार पहिया वाहन से चलने वाले नेताओं को भी खाली हाथ बूथों तक आते देखा गया। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार साइकल से तो पूर्व मंत्री सह रा ज द प्रत्याशी कुमार सर्वजीत ई रिकशा से अपने मतदान बूथ तक जाते देखे गए।

कई जगहों से चुनाव मैनेजमेंट में कमी की शिकायतें सुनने को मिले। एक बात अच्छी लगी कि राजद के वोटरों में जितना उत्साह देखने को मिले, उससे बहुत कम एनडीए के लोगों में देखने को मिले। एनडीए के खेमे में मायुसी के भाव चेहरे पर नजर आ रहे थे। पुलिस प्रशासन के लिए यह चुनाव चुनौती पूर्ण था, लेकिन यह चुनाव में कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुआ यह सुकून का पल था जो गया लोकसभा चुनाव के लिए कीर्तिमान स्थापित हुआ। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि 4 जून को जो रिजल्ट आने वाला है वो चौकाने वाला हो सकता है।

### कल्पना सोरेन बोलीं– कभी झुकेगा नहीं झारखंडी

**गिरिडीह।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर दी है. सोमवार को कल्पना गिरिडीह में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 51वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुईं. इस दौरान उन्होंने इमोशनल स्पीच दी. कल्पना ने 'सभी को हेमंत सोरेन और कल्पना को जोहार' कहते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की. संबोधन के दौरान कल्पना के आंसू छलक आए. उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, जो कुछ भी हो जाए, झारखंडी कभी झुकेगा नहीं।

**खास बातें:** झारखंड के गांडेय विधानसभा उपचुनाव में हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन के लिए आसान नहीं लड़ाई, जेल में बंद हेमंत सोरेन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सबूत के तौर पर फ्रिज, स्मार्ट टीवी का बिल जेल में बंद हेमंत सोरेन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सबूत के तौर पर फ्रिज, स्मार्ट टीवी का बिल, ED ने HC से अपने अफसरों पर हेमंत सोरेन की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच उझकसे कराने का अनुरोध किया

**मोदी सरकार पर बोला हमला:** कल्पना सोरेन ने सीधे केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला. उन्होंने कहा, ₹जब से सूबे में महागठबंधन की सरकार बनी, तभी से केंद्र साजिश रचता रहा. केंद्र ने हेमंत के बहाने झारखंडियों को को नीचा दिखाने की कोशिश की. लेकिन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने उनके आगे झुकना नहीं, बल्कि जेल जाना पसंद किया.

## 8 वीं तक की कक्षाएं 11.30 बजे तक चलेंगी, आया सरकारी आदेश



लोकतंत्र की आवाज

**पूर्वी सिंहभूम झारखंड**

**जादूगोड़ा ।** झारखंड सरकार की ओर से गर्मी को ध्यान में रखते हुए 22 अप्रैल से स्कूलों के समय–सारणी में फेर–बदल कर दिया गया है. कहा गया है कि सुबह 7 बजे से लेकर 11.30 बजे तक ही 8वीं तक की कक्षाएं चलेंगी. इसी तरह से 9वीं और उसके उपर क कक्षाएं सुबह 7 बजे से लेकर 12 बजे तक ही चलेंगी.

सरकारी–गैर सरकारी सभी स्कूलों पर लागू: सरकार का यह आदेश सरकारी, गैर सरकारी, सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त सभी स्कूलों पर लागू होगी. इस बीच खेलकूद या प्रार्थना सभा का आयोजन धूप में नहीं करने के लिए कहा गया है. मिड डे मील का संचालक पहले की तरह ही होता रहेगा.

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने दी कानूनी जानकारी

लोकतंत्र की आवाज



**पूर्वी सिंहभूम झारखंड**

**जादूगोड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा पिछली, हेंसलबिल, पोटका, सानग्राम, मदनसाई, मुकुंदपुर, देवली, भालकी, रूगड़ीसाई, हरिना, नारदा आदि गांव में मोबाईल वैन से भ्रमण कर पोटका प्रखंड की अंतिम छोर तक पहुंच कर जागरूकता अभियान चलाया. लोगों को डालसा के द्वारा दी जा रही निःशुल्क विधिक सेवा के बारे में जानकारी दी गई.

**टीम में ये थे शामिल:** डालसा टीम में शामिल जमशदपुर के पीएलवी संजय कुमार तिवारी, जोबा रानी बास्के, पोटका लीगल एड क्लिनिक के पीएलवी चयन कुमार मंडल, डोबो चकिया, छाकु माझी की ओर से जरुरतमंद ग्रामीणों के बीच जाकर कानूनों की जानकारी दी गी. इस दौरान समाज में फैले अंधविश्वास, डायन प्रथा, महिला हिंसा, बाल विवाह, बालश्रम, वरिष्ठ नागरिक के अधिकार, मानव तस्करी, किशोर कानून, साइबर ऋाईम, संविधान आदि की जानकारी दी गई.

**मतदान के लिए भी किया जागरूक:** अगले माह 25 तारीख को होने वाले मतदान के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया. चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे शत प्रतिशत मतदान की मुहीम को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया गया. हरिना पंचायत अंतर्गत लव कुश इंग्लिश मीडियम स्कूल में पीएलवी के हाथों से संस्था ₹आमेरिकंस इंडियन फाउंडेशन₹ के द्वारा नर्सरी से लेकर कक्षा 7 तक के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रा का वितरण किया गया.

**मौके पर ये थे मौजूद:** मौके पर डालसा के पीएलवी संजय कुमार तिवारी, जोबा रानी बास्के, चयन कुमार मंडल, डोबो चाकीय, छकु माझी स्कूल के टीचर लव महतो मौजूद थे.

## लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में गिरते मतदान प्रतिशत के लिए मोदी सरकार की जुमलाबाजी व ईवीएम का प्रयोग प्रमुख कारण: शत्रुघ्न कुमार शत्रु

लोक तंत्र की आवाज

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 102 सीटों पर मात्र 60% मतदान के लिए मोदी सरकार की जुमलाबाजी से उत्पन्न भीषण बेरोजगारी व महंगाई जैसी समस्याओं के प्रति सरकार की अनदेखी व वोट चुरानेवाली ईवीएम मशीन के प्रयोग की अविश्वसनीयता प्रमुख कारणों में शामिल है, जारी बयान में उन्होंने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ईवीएम के प्रयोग पर गोदी मीडिया, विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका की मौन सहमति से निष्पक्ष चुनाव मजाक में तब्दील हो गया है।

● **मोदी सरकार नियंत्रित चुनाव आयोग पर लोगों का उठ गया भरोसा**

आज देश की 40% जनता का भरोसा मोदी सरकार नियंत्रित चुनाव आयोग पर से उठ गया है।देश के मुख्य चुनाव आयुक्त से लेकर निचले स्तर के कर्मचारियों द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता के कार्यक्रमों में करोड़ों रुपए फूंकने के बाद भी 40% जनता का मतदान में हिस्सा नहीं लेना अत्यंत ही चिंता का विषय है,बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि जनता के वास्तविक मुद्दों से किनारा कर चुकी इलेक्टोरल बॉण्ड के चंदे व धंधे से चलनेवाली पार्टियों द्वारा मतदाताओं के बीच बांटने के लिए ले जाए जा रहे अबतक 7000 करोड़ रुपए से ज्यादा के नकदी व शराब आदि अन्य सामग्रियों के आयोग द्वारा पकड़े जाने से यह स्पष्ट है कि जनता को काम के बदले प्रलोभन व घूस देकर लोकतंत्र का चीरहरण किया जा रहा है।

झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू द्वारा पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा प्रत्याशी बी०डी०राम द्वारा नामांकन पत्र के साथ संलग्न जाति प्रमाण पत्र की तत्काल अभिप्रमाणित छायाप्रति आरटीआई के तहत उपलब्ध नहीं कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी पलामू की कड़ी आलोचना करते हुए चुनावी कार्यों में पारदर्शिता कायम रखने की मांग किया है।

## लू की चपेट में गिरिडीह समेत पूरा झारखंड

लोकतंत्र की आवाज




**विक्रम कुमार मिश्रा,( ब्यूरो चीफ) गिरिडीह, झारखंड।** झारखंड में लगातार गर्मी बढ़ रही है गिरिडीह समेत राज्य का लगभग पूरा हिस्सा गर्म हवाओं की चपेट में है। अधिकतम तापमान हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य का मौसम शुष्क रहा है, सबसे अधिक तापमान सरायकेला का रहा यहां 43 डिग्री सेल्सियस टेंप्रेचर दर्ज किया गया ,मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि जिस तरह का मौसम अभी चल रहा है ऐसी स्थिति पूरे माह रहने वाली है । वैसे मई से 15 जून तक गर्मी बढ़ेगी ही मौसम विज्ञान केंद्र के रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर पश्चिम से चल रही शूष्क हवा के कारण झारखंड का आधा हिस्सा लू की चपेट में आ गया है।

अधिकतम तापमान बढ़ता ही जा रहा है, और गर्म हवाएं चलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है ,हालांकि अपने पूर्वानुमान में बादल आने की बात भी मौसम विभाग ने की है। 22 अप्रैल को हल्के बादल छाए रह सकते हैं वहीं झारखंड के दक्षिणी से विशेष रूप से सिमडेगा पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में हालके दर्जे की बारिश हो सकती है । मौसम में यह परिवर्तन थोड़ा राहत दे सकता है, भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग में लोगों को एहतियात बरतने को कहा है। केंद्र की ओर से सलाह भी जारी की गई है ।जिसमें कहा गया है कि बहुत जरूरी ना हो तो दिन के 11:00 से दोपहर 3:00 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें ,अगर निकालना जरूरी है तो टोपी लगाकर या छाता लगा कर चलें ,शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें बच्चों और बुजुर्ग का इस गर्मी में विशेष ध्यान रखना होगा वैसे जो श्रमिक भारी काम करते हैं उन्हें दोपहर 11:00 से 3:00 बजे तक बचना चाहिए, संभव हो तो नियमित पानी पीते रहे।

## रामनवमी में प्रभावी प्रशासनिक योगदान के लिए थाना प्रभारी को सम्मानित किया गया

लोकतंत्र की आवाज




**पूर्वी सिंहभूम झारखंड**

**जादूगोड़ा/पोटका।** हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत की मुखिया ने रामनवमी में प्रभावी प्रशासनिक योगदान एवं सुझबुझ से शांतिपूर्ण ढंग से झंडा जुलूस को संपन्न कराने को लेकर फलदार पौधा देकर कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान को धन्यवाद ज्ञापन किया गया । मुखिया देवी कुमारी ने कहा ये प्रशासन की सही रणनीति एवं सुझबुझ से सबसे बड़ा विवादित हल्दीपोखर में झंडा जुलूस कार्यक्रम संपन्न हो पाया।

उन्होंने कहा सभी प्रशासनिक पधाधिकारी को धन्यवाद देते हैं की सभी ने अपने स्तर से अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सम्मान के सभी प्रशासनिक पधाधिकारी हकदार है थाना प्रभारी ने महिलाओं द्वारा बनाए गए समाज कल्याण महिला सशक्तिकरण समिति को धन्यवाद देते हुए कहा आपलोगो के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है और इसमें प्रशासन आपको हर संभव सहयोग करेगा। इस अवसर पर जे एस एल पी एस हल्दीपोखर संकुल अध्यक्ष माफसी सरदार,जेंडर सी आर पी माधुरी राना,बैंक सखी राखी नंदी,जोबा साहू,सीमा मंडल,अनीता देवी आदि मौजूद थे।

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय गया में तैनात होमगार्ड जवान को ड्यूटी के दौरान अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से मारकर किया हत्या, जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज



**राकेश कुमार मिश्रा (गया)**

**गया (बिहार)।** गया सदर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवान सुजीत कुमार को ड्यूटी के दौरान कार्यालय के गेट पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा चाकू मार दिया गया। इस घटना में होमगार्ड जवान की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही एएसपी पीएन साहू और सिविल लाइन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

दरअसल यह घटना उस वक्त अपराधियों के द्वारा दी गई जब होमगार्ड के जवान सुजीत कुमार सदर एसडीओ कार्यालय के गेट पर खड़े थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे से अपराधियों की पहचान की जा रही है। इस घटना की सूचना के बाद मृतक की पत्नी का रो–रो कर बुरा हाल है। मृतक होमगार्ड के जवान की तीन पुत्री है और इनका एक भी पुत्र नहीं है।

मृतक के भाई अजीत कुमार ने बताया कि मेरा भाई सुजीत कुमार गया सदर एसडीओ कार्यालय में होमगार्ड के जवान के रूप में तैनात थे। कल इनकी चुनाव ड्यूटी बेला में लगाई गई थी। आज सुबह 10:00 बजे गया सदर एसडीओ कार्यालय ड्यूटी पर गए, दोपहर में एक नंबर से कॉल आया कि सदर एसडीओ कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवान सुजीत कुमार की चाकू मार कर हत्या कर दिया गया है। जब इसकी जानकारी हम लोगों को हुई तो एसडीओ कार्यालय पहुंचे, लेकिन यहां आने पर मालूम चला कि शव को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है। उसके बाद हम लोग मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तो शव को देखने से प्रतीत होता है कि धार दार हथियार से बेरहमी से वार किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि होमगार्ड जवान सुजीत कुमार का किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं था।

मृतक होमगार्ड जवान की पत्नी ने रोते हुए कहीं की जिस तरह से मेरे पति की चाकू से बेरहमी से वार कर हत्या की गई है इस तरह से अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पुलिस सजा दिलाकर हमें न्याय दिलाया जाय।घटना की जानकारी मिलते ही ऑफिस में मौजूद रहे लोगों में अफरातफरी मच गया। घायल गार्ड को इलाज के लिए गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज सह अस्पताल ले जाया गया। जहां से गार्ड की मौत की खबर आई है। इधर, एसडीओ कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों में तैनात कर्मचारियों में इस घटना की खबर पहुंची तो सभी सन्न रह गए। हालांकि कई कर्मचारी चुनाव ड्यूटी करने के बाद कार्यालय पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि हेलमेट पहने हुए एक व्यक्ति आया और गार्ड को चाकू गोद कर घायल कर दिया। इसके बाद किसी वाहन से फरार हो गया।

मृतक गार्ड होमगार्ड का जवान सुजीत कुमार श्रीवास्तव गया शहर के सूर्यकुंड के पास रहने वाला बताया गया है। इस संबंध में जब सदर एसडीओ किसलय श्रीवास्तव से उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर घटना को जानकारी लेनी चाही तो उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। शायद घटना को लेकर उनकी व्यस्तता रही हो इसलिए फोन का जवाब नहीं दे सके। इधर घटना की जांच में वरीय पुलिस पदाधिकारी जुट गए हैं।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।